तस्मात्सर्वप्रयत्नेन नियमेन जपेत्सुधीः ॥२००॥

॥श्रीशनैश्चरसहस्त्रनामस्तोत्रंसम्पूर्णम्॥

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

शनि पूजनम्

आवाहनम्– ॐ सहस्त्रशीर्षापुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात।
सभूमिर्ठ सर्वतस्पृत्वात्यत्ष्ठद्दशाङ्गुलम्॥
सौरि! त्वं समागच्छ मम कल्याणकारक।
पूजां गृहाणमेदेवः पात्रेऽस्मिन् सुस्थिरोभवः॥

हे मेरे कल्याणकारक शनिदेव महाराज! आप यहाँ आकर इस चित्र प्रतिमा या यंत्र में स्थित हों और हमारी पूजा स्वीकार करें।

आसनम्– ॐ पुरुष एवेदंर्ठ सर्वं यद्भूतं यच्चभाव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहतिः॥
रम्यैकुसुमैर्दिव्यैरासनं ते विनिर्मितम्।
उपवेशय मन्द! त्वं सफलं पूजनं कुरु॥

अति सुंदर अलौकिक पुष्पों से बनाया गया आसन आपके बैठने के लिए दे रहा हूँ, कृपया पूजन सफल करें।

ध्यानम्– सौराष्ट्रजातमष्टम्यां पौष्णभं धनुराकृतिम्।
सूर्यपुत्रं चतुर्वांहुं कृष्णाङ्गं तं शनिं नुमः॥

सौराष्ट्र में अष्टमी तिथि, पुष्य नक्षत्र धनु के समान आकृति युक्त जन्म लिये हुए, कृष्ण वर्ण, चार भुजा धारी हे सूर्यपुत्र शनि आपको नमस्कार है।

पाद्यम्– एताव्वानस्य महिमातो, ज्यायांश्च पुरुषः पादोऽस्य
विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतंदिवि।
रम्यं श्रमहरं वारि गन्धपुष्पाक्षतैर्युतम्।
पाद्यं तुभ्यं प्रयच्छामि गृहाण रविनन्दन॥

चंदन, पुष्प, अक्षतों से मिले हुए, थकावटों को दूरन करने वाला सुंदर जल आपके पाद्य के लिये अर्पित है। हे रविनन्दन, इसे ग्रहण करें।

अर्घ्यम्– त्रिपादूर्ध्वं उदैत्पुरुषः पादोस्येहाभवत् पुनः।
ततो विष्वंव्यक्रामत्साशनान्नशनेऽभिः॥

In Public Domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

तिलसर्षप दूर्वाभिः गन्धपुष्पाक्षतैश्च यत्।
शीतलं शोभनमर्घ्यं ते अर्पयामि यमाग्रज।।

पुष्प, चंदन, अक्षत, तिल, सरसों और दूर्वा मिला हुआ अतिशीतल और सुंदर जल आपके अर्घ्य के लिए अर्पित कर रहा हूँ। हे यमाग्रज स्वीकार करें।

मधुपर्कम्– मधुव्वाताऋतायते मधुक्षरन्ति सिंधवः माध्वीर्णः
संतोषधीः मधुनक्त मुतोषसो।
मधुपर्कं मयानीतं सितघृतमधुनिर्मितम्।
गृहाणग्रहनाथत्वं सफलंकुरुमे सदा।।

दही, घृत, मधु से युक्त मधुपर्क मैं लाया हूँ। हे ग्रह नाथ, कृपया स्वीकार कर मेरे मनोरथ सफल करें।

पयस्नानम्– ॐ पयः पृथिव्यां पया ओषधीषु
पयो दिव्यन्तरिक्षे पयोधाः।
पयस्वतीः प्रदिशः सन्तु मह्यम्।
इत्यनेन पयः स्नानम्।
पयः सुशोभनं दिव्यं गोसम्भूतं च निर्मलम्।
स्नानार्थं ते प्रयच्छामि सफलं कुरु मे सदा।।

सुंदर, शीतल, आलौकिक गाय का दूध आपके स्नान के लिए समर्पित है। कृपया स्वीकार करें।

दधिस्नानम्– ॐ दधिक्राव्णोऽकारिषञ्जिणोरश्वस्य व्वाजिनः।
सुरभिनो मुखाकरत्प्रण आयु षितारिपत।
इति दधिस्नानम्।।
शीतलं स्वादु मधुराम्लं दधि नवनीत निर्मितम्।
मयानीतं तवार्थंहि स्नानं कुरु शनैश्चर।।

मक्खन से युक्त मधुर, शीतल दही आपके स्नान के लिए लाया हूँ। हे शनिश्चर महाराज! कृपया इससे स्नान करें।

घृतस्नानम्– घृतं घृत पावानः पिवतवसांपावानः
पिबतान्तरिक्षस्य हविरसि स्वाहा।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

दिशः प्रदिशः आदिशः उदिशः विदिशः दिग्भ्य स्वाहा॥ घृतं स्निग्ध सुधारूप तुष्टिपुष्टिकरं प्रभो।
स्नानीयंते मयानीतं गृहाणकुरु मंगलम्॥

अमृत रूप, पुष्टि और संतोषकारक, कोमल घृत आपके स्नान के लिये लाया हूँ। स्वीकार कर मंगल प्रदान करें।

मधुस्नानम्– मधु व्वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवां रजः मधुद्यौरस्तु नः पिता मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमां अस्तु सूर्यः माध्वीर्गांवो भवन्तु नः।
मधुमाक्षिकसम्भूतं मधुरंपुष्टिवर्धनम्।
स्नानार्थं ते मयादत्तमङ्गीकुरुमुदान्वित॥

मधुमक्खियों से उत्पन्न मीठा, पुष्टिवर्धक मधु स्नान के लिए अर्पित है। कृपया स्वीकार करें।

शर्करास्नानम्–ॐ अपा रसमुद्वस्यस सूर्ये सन्त समाहितम्। अपा रसस्य यो रसस्तं वो गृहणाम्युतममुपयाम गृहीतोसिन्द्राय त्वा जुष्टं गृहणाम्ये एषते योनिरिन्द्रायत्वा जुष्टतमम्।
इक्षुरससमुदभूता शर्करा मधुराप्रिया।
ग्रहनाथ प्रसन्नार्थं स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्॥

गन्ने के रस से बनी हुई मीठी और प्रिय शक्कर आपकी प्रसन्नता के लिए उपस्थित है। कृपया स्नान के लिए स्वीकार करें।

पंचामृतस्नानम्– ॐ पंच्चनद्यः सरस्वती मपयंति सस्त्रोतसः सरस्वती तु पंचधासो देशे भवत् सरित्।
पयोदधिघृतंगव्यं माक्षिकं शर्करानिव्तं।
पंचामृतं मयानीतं स्नानार्थं प्रतिगृहताम्॥

दूध, दही, घृत, मधु और शक्कर से बना पंचामृत सेवार्पित है। कृपया स्नान करें।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शुद्धोदकस्नानम्– ॐ शुद्ध बालः सर्व शुद्धबालो मणिबालस्त आश्विनः। श्येत श्येताक्षोरुणस्ते रुद्राय पशुपतये कर्णायामा अवलिप्ता रौद्रा नभौ रूपापार्जन्याः।
शुद्धोदकं शीतलं च निर्मलं गंध संयुतम्।
गंगादि सर्वतीर्थेभ्यो स्नानीयं ते समर्पितम्।।

ॐ शं शनैश्चराय नमः– 5 बार उच्चारण करें।

शीतल, स्वच्छ, चंदनयुक्त गंगा और तीर्थों का जल शुद्धोदक स्नान के लिए समर्पित है।

गन्धोदकस्नानम्– श्रीखण्ड केसरयुतं रम्यं वारिसशीतलम्।
गन्धोदकं मयानीतं गृहाणग्रहनायक।।

हे ग्रह नायक, श्रीखण्ड चंदन, केसर युक्त स्वच्छ, शीतल, गन्धोदक मैं लाया हूँ। कृपया ग्रहण करें।

आचमनीयम्– ॐ आचम्यतां मयानीतं सुस्वादु निर्मलं जलम्।
पिंगलायनमस्तुभ्यं गृहाणाचमनीयकम्।।

हे पिंगल! स्वादिष्ट, निर्मल, शीतल जल आपके आचमन के लिए उपस्थित है, ग्रहण करें।

वस्त्रम्– युवासुवासा परिवीत आगात्, सउश्रेयान् भवति जायमानः। तन्धीराशः कवयउन्वन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः।।
क्षेमपट्ट विनिर्मीतं स्निग्धंचारु सुकोमलम्।
वस्त्रं ददामि ते कृष्ण गृहाण मुदयान्वित।।

हे कृष्ण! रेशम निर्मित स्निग्ध, सुंदर कोमल वस्त्र दे रहा हूँ। प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण करें।

ततः आचमनीयम्– फिर अनुष्ठान कर्ता शनिदेव को आचमनीय समर्पित करें।

यज्ञोपवीतम्– ॐ ब्रह्मजज्ञानं प्रथमं पुरस्ताद्विसीमतः सुरुचो व्वेनऽआवःसुबुध्न्या उपमा अस्य विष्ठाः सतश्च

In Public domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy

योनिमसतश्च विवः।

यज्ञोपवीतम् शुद्धं पवित्रं परमं शुभम्।
अर्पयामि प्रभो गृह्य सफलं कुरु मनोरथम्॥

हे प्रभो, शुद्ध पवित्र, सुंदर, यज्ञोपवीत अर्पित कर रहा हूँ। स्वीकार कर हमारा मनोरथ सफल करें।

ततः आचमनीयम्– फिर अनुष्ठानकर्ता शनिदेव को आचमनीय समर्पित करें।

गंधम्– गन्ध द्वारा दुराधर्षा नित्यपुष्टाङ्करींषिणीम्
ईश्वरीं सर्वभूतानां तमिहोपह्वये श्रियम्।
मलयाचल संभूतं श्रीखण्डं गंधसंयुतम्।
मयोपपादितं तुभ्यं लेपनं स्वीकुरुप्रभो॥

हे प्रभो, मलयागिरी सुगंधित श्रीखण्ड चंदन मैंने आपके लिए तैयार किया है, कृपया स्वीकार करें।

कुंकुमम्– कुंकुमं कोमलं रक्तं कांतिदं परमं शुभम्।
कामनापूर्तिदं देव गृहाणसुमनोहरम्॥

हे देव! अति मनोहर, कान्तिवर्धक, सुंदर, कोमल, कामना पूर्ति करने वाला लाल कुंकुम समर्पित है।

इत्रम्– नाना पुष्प समुद्भूतं नाना गन्धसुसंयुक्तम्।
मनः प्रह्लादकमित्रं ददामि प्रतिगृह्यताम्॥

अनेक पुष्पों के रस से बनाया हुआ, अनेक गंधों से युक्त मन को आनन्दित करने वाला इत्र दे रहा हूँ, स्वीकार करें।

अक्षत– ॐ अक्षन्नमी मदन्त्यस्यवप्रिया अधोषत स्वभानवो
विप्रा नविष्ठयामती योयान्विन्दते हरिः॥
अखण्डं तंडुलं देव अक्षतं परिकल्पितम्।
अरिष्टं शमनार्थं ते ददामि प्रतिगृह्यताम्॥

अखण्डित चावलों का अक्षत उपस्थित है। कृपया स्वीकार करें।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

पुष्पम्– ओषधीः प्रतिमोदध्वं पुष्पवती प्रशूवरी अश्वाइव सजित्वरी विरुधः पार इष्णवः।
मालती चम्पकाब्जादि पाटलावकुलादिभिः।
पुष्पैर्मयार्चितोदेव प्रसन्नोभव सर्वदा।।

हे प्रभु! मालती, चंपा, कमल, पाटल, वकुल आदि पुष्पों के द्वारा मैं अर्चन कर रहा हूँ। आप सदा मुझ पर प्रसन्न रहें।

माला– नानापुष्पविचित्रैश्चमाल्यंमूर्धनिशोभनम् ।
सुगंधितंपररंम्यंगृह्यतां सुमनोहरम्।।

अनेक रंग–बिरंगे पुष्पों से निर्मित सिर पर सुशोभित होने वाली सुगंधित पुष्पमाला को ग्रहण करें।

दूर्वाम्– ॐ काण्डात्काण्डात् प्ररोहन्तिपरुष परुषस्परि एवानो दूर्वेप्रतनु सहस्त्रेनशतेन च।
तुष्टिपुष्टिकरादूर्वा हरिताकोमलाशुभा।
मनः प्रह्लादकरीरम्या अर्पिता मे प्रगृह्यताम्।।

मन को आनंद देने वाली, सुंदर हरे रंग की कोमल संतुष्टि और पुष्टि प्रदान करने वाली दूर्वा समर्पित है। कृपया स्वीकार करें।

बिल्वपत्रम्– ॐ नमोः विल्मिने च कवचिने च, नमोः व्वर्म्मिणे च व्वरुथिने च नमः श्रुताय च श्रुतसेनाय च नमो दुन्दुब्भ्याय चहनन्याय च नमो धृष्णवे।।
श्रीवृक्षोद्भवं पत्रं श्री शंकर सदाप्रियम्।
त्रिनेत्र रूप पत्रं ते अर्पयामिमुदाप्रभो।।

श्री वृक्ष के त्रिनेत्र रूप बिल्वपत्र शंकर को सदा प्रिय लगने वाले समर्पित हैं।

धूपम्– ॐ वनस्पति रसोद्भूतो गन्धाढयो गन्धउत्तमः।
आघ्रेय सर्वदेवानां धूपोयं प्रतिगृह्यताम्।।
वनस्पति रसोदभूतमुत्तमं गन्धसंयुतम्।

धूपं मया समानीतं गृहाण रविनंदनः॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

हे रविनंदन! अनेक वनस्पतियों के रस से तैयार किया हुआ उत्तम सुगंधित धूप मैं लाया हूँ। कृपया, स्वीकार करें।

दीपम्– ॐ साज्यं च वर्त्ति संयुक्तं वह्निनां योजितं मया।
दीपं गृहाणदेवेश त्रैलोक्य तिमिरापह।
घृतवर्तिं समायुक्तं दीपं प्रज्वलितं मया॥
अंधकार विनाशार्थं गृहाण परमेश्वरः॥

हे प्रभो! घी और बत्तियों से प्रज्वलित दीपक अंधकार को दूर करने के लिए स्वीकार करें। (दीप दिखाने के बाद हाथ धो लें।)

नैवेद्यम्– ॐ अन्नपतेऽन्नस्यनो देह्य नमीवश्य शुष्मिणः।
प्रप्रदातारंतारिषऽउर्ज्जन्नोधेहि द्विपदेचतुष्पदे॥
षडरस स्वादुसंयुक्तं नवनीत सुदामयम्।
नैवेद्यमर्पितं तुम्यं गृहाण परमेश्वरः।

हे परमेश्वर, अमृत रूप, मक्खन से युक्त, षडरस नैवेद्य अर्पित है। कृपया ग्रहण करें।

आचमनम्– शीतलं शान्तिदं शुभ्रं निर्मलं सुमनोहरम्।
पानीयं ते मयादत्तमाचमनीयं प्रगृह्यताम्॥

शीतल, स्वच्छ, शान्ति प्रदाय आचमनीय जल स्वीकार करें।

ताम्बूलम्– ॐ यत्पुरुषेण हविषादेवा यज्ञमतन्वत।
व्वसन्तोस्याशीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः॥
ताम्बूलंगृहृतां देव लवंगैलासमन्वितम्।
मुखवासार्थं द्रव्योऽयं सदा तुष्टि प्रदायकः॥

हे प्रभो! लौंग व इलायची से सुगंधित तांबूल मुख-शुद्धि के लिए संतोषजनक द्रव्य उपस्थित है। स्वीकार करें।

फलम्– ॐ याः फलि निर्या अफलाः अपुष्पा याश्च
पुष्पिणी बृहस्पति प्रसूतास्तानोमुंच तृ हस।

In Public domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy

फलान्यमृतकल्पानिरसानि मधुराणि च।
कर्म साफल्यप्राप्तयर्थं गृहाण सूर्यपुत्रक॥

हे सूर्यपुत्र, मधुर, रसयुक्त अमृत के समान सुंदर फल सेवार्पित है। कृपया कर्मसाफल्यता प्रदान करें।

दक्षिणाम्– हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्। सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम॥

दक्षिणायज्ञपत्निस्तुष्टासा फलदायिनी।
तस्माद्धिरण्य रूपां हि दक्षिणां प्रतिगृह्यताम्॥

यज्ञपत्नी दक्षिणा से संतुष्ट होने पर फल देने वाली है। अतः स्वर्ण रूप यह दक्षिणा स्वीकार करें।

आरार्तिक्यम्– ॐ इदं हवि प्रजननं मे अस्तु दशवीरं सर्वगणं स्वस्तये आत्मसनि प्रजासनि पशुसनि लोकसन्यभयसनि। अग्निः प्रजां बहुलां मे करोत्वन्नं पयोरेतोऽस्मासुधत्त।

कर्पूरेण समायुक्तं वार्तिकं ज्वलितं प्रभो।
आरार्तिक्यं ते मयानीतं गृहाण परमेश्वरः॥

हे परमेश्वर! कर्पूर और बत्तियों से युक्त प्रज्वलित आरती को ग्रहण करें।

पुष्पांजलि– ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् तेह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः॥

प्रदक्षिणाम्– ॐ सप्तान्यासन्परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः देवाः यज्ञन्तन्वाना। अबध्नन् परुषं पशु॥
यानि यानि च पापानि जन्मान्तर कृतानि च।
तानि सर्वाणि नश्यन्ति प्रदक्षिणा पदे पदे॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

मंत्रपुष्पांजलि– श्रद्धया सिक्तया भक्त्या हृदिप्रेम्णा समर्पितः।
मन्त्रपुष्पाञ्जलिश्चायं कृपया प्रतिगृह्यताम्॥
ॐ शनैश्चर देवताभ्यो नमो नमः॥

नमस्कार– सर्वसौख्य प्रदातारं दुष्टदर्पविमर्दकम्।
भक्तार्तिनाशनं देवं शं शनिं प्रणमाम्यहम्।
प्रार्थनापूर्वकं नमस्कारान् समर्पयामि॥

चरणामृत पान– अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधि विनाशनम्।
शनैश्चर पादोदकं पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते॥

चरणामृत को पात्र में लेकर ग्रहण करें। सिर पर भी चढ़ा लें।

आरती (नीराजन)– आरती शनि बलकारी की कीजै......

क्षमा याचना– मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीन रविनन्दनः।
यत्पूजितं तव देव! परिपूर्णं तदस्तु मे॥
आवाहनं न जानामि न जानामि विसर्जनम्।
पूजां चैव न जानामि क्षमस्व शनैश्चर॥
अन्यथा शरणं नास्ति त्वमेव शरणं मम।
तस्मात् कारूण्यभावेन रक्ष मां शनैश्चर॥

योगियों में श्रेष्ठ श्री शनिदेव भगवान जिनकी दृष्टि के सामने परम ज्योति स्वरूप परब्रह्म विराजित है। जिसके प्रभाव से यह दृश्यमान जगत सीधी दृष्टि से देखने में नहीं आता। इससे पृथ्वी के न्याय-देवता अधोदृष्टि, वक्रदृष्टि किये रहते हैं, जिससे कि पृथ्वीवासियों तथा अन्यान्य निम्न लोकों का कार्य सक्षमता से कर सकें।

मानस पूजा

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

(1)

1. ॐ पादयोः पाद्यं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

इस मंत्र को बोलकर शुद्ध जल से शनि भगवान के चरण कमलों को धोकर अपने मस्तक पर धारण करें।

2. ॐ अर्घ्यों समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

भगवान के हस्त कमलों पर पवित्र जल छोड़ें।

3. ॐ आचमनीयं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

इस मंत्र से शनि भगवान को आचमन करायें।

4. ॐ गन्धं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

शनि भगवान के ललाट पर रोली लगायें।

5. ॐ मुक्ताफलं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

शनि भगवान के ललाट पर मोती लगायें।

6. ॐ पुष्पं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

मस्तक नासिका के सामने आकाश पर पुष्प छोड़ें।

7. ॐ मालां समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

पुष्पों की माला शनि के गले में पहनायें।

8. ॐ धूपमाघ्रापयामि शनैश्चराय नमः।

भगवान के सामने अग्नि में धूप छोड़ें।

9. ॐ दीपं दर्शयामि शनैश्चराय नमः।

तेल का दीपक जलाकर सामने रखें।

10. ॐ नैवेद्यं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

भगवान को भोग लगायें।

11. ॐ आचमनीयं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

12. ॐ ऋतुफलं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।

केले आदि का भोग लगायें।
Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

13. ॐ पुनराचमनीयं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।
शनि भगवान को फिर आचमन करायें।

14. ॐ पूंगीफलं सताम्बूलं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।
सुपारी सहित नागर पान भगवान को अर्पण करें।

15. ॐ पुनराचमनीयं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।
आचमन कराकर फिर स्वर्ण थाल में कपूर प्रदीप्त कर शनि आरती करें।

16. ॐ पुष्पांजलिं समर्पयामि शनैश्चराय नमः।
पुष्प अंजलि में लेकर मस्तक पर छोड़ें। सात प्रदक्षिणा करें व दण्डवत प्रणाम करें। भगवान को मन ही मन चँवर ढुलावें व स्तुति करें।

(2)

1. ॐ लं पृथिव्यात्मकं गन्धं परिकल्पयामि। श्री शनैश्चराय नमः।
हे शनिदेव! मैं पृथ्वीरूप गन्ध (चन्दन) आपको अर्पित करता हूँ।

2. ॐ हं आकाशात्मकं पुष्पं परिकल्पयामि। श्री शनैश्चराय नमः।
प्रभो! मैं आकाशरूप पुष्प आपको अर्पित करता हूँ।

3. ॐ यं वायवात्मकं धूपं परिकल्पयामि। श्री शनैश्चराय नमः।
हे शनि! मैं वायुदेव के रूप में आपको धूप प्रदान करता हूँ।

4. ॐ रं अग्नितत्त्वात्मकं दीपं दर्शयामि। श्री शनैश्चराय नमः।
हे शनिदेव! मैं अग्निदेव के रूप में दीपक प्रदान करता हूँ।

5. ॐ वं अमृतात्मकं नैवेद्यं निवेदयामि। श्री शनैश्चराय नमः।
प्रभो! मैं अमृत के समान आपको नैवेद्य निवेदन करता हूँ।

6. ॐ शं शक्ति तत्वात्मकं ताम्बूलं समर्पयामि। श्री शनैश्चराय नमः।
हे शनिदेव! मैं पान रूप में शक्ति तत्व आपको निवेदन करता हूँ।

क्रमानुसार वैदिक शनि साधना

In Public domain. Digitization: Mathulakshmi Research Academy

1. साधना पथ में दृढ़ विश्वास के साथ स्थिरचित्त होकर साधक आगे बढ़े। श्री शनि मूर्ति को उत्तम स्थान (पूजा गृह) में स्थापित कर यथा नियम भक्तिपूर्वक गंध-पुष्पादि द्वारा नाना उपचार (षोडशोपचार) अभीष्ट कामना या साधनानुसार (स्तोत्र या अष्टोत्तरशत नाम, सहस्त्रनाम व बीज मंत्र जप) करें। आरम्भ में दैहिक क्लेश, संताप, मानसिक चांचल्य उत्पन्न होगा। वैषयिक (घरेलू चिंता) आदि उत्पात होंगे, इनसे न घबराकर नियम की रक्षा करें। श्री शनिदेव का मन ही मन जप करते हुए मूर्ति चिंतन एकाग्रता के साथ करते जाएं, उन्हें अपना शरण्य माने। चरण से लेकर शीश तक, फिर शीश से लेकर चरण तक ध्यान करें। निरंतर अभ्यास करें, कुछ काल अभ्यास के बाद इसमें परिपक्वता आ जाएगी।

2. इसके बाद शनि के पूर्णांग स्वरूप का चिंतन करें। सर्वावस्था में जप ध्यान करें, दृढ़ता आने पर नाद अभिव्यक्ति होगी, उसकी ओर उन्मुख हों, एकाग्रता के साथ दाहिने कान से उसका श्रवण करें (शंख, घंटा, वंशीरव, काँसर के बजने का शब्द तथा दिन-रात्रि में एक-दो बार पटाखा फटने का शब्द सुने)। श्री शनिदेव का पूर्णांग स्वरूप मानस पटल पर स्थायीभाव से रखें। आँसू, शारीरिक अंगों में कम्पन, देह पुलकित होना, हल्का महसूस होना व मन में आनन्द प्राप्त होना।

3. अब जप करते-करते श्री शनिदेव महाराज के पूर्णांग चिंतन को प्रश्रय देकर देह उन्हें ही समर्पित करें। देह को उनकी इच्छा मात्र से चलायें। अंतर में सर्वदा शनि दर्शन करें, इससे नेगेटिव शक्ति सर्वदा के लिए लुप्त हो जायेगी। काम, क्रोध, लोभ, मोह, भीषणता से घटेंगे। मन शांत होकर प्रसन्नता लाभ करेगा, सांसारिक भावों का उदय कम होगा, श्री शनि पर श्रद्धा विश्वास दृढ़ होगा। सिद्धियाँ सहजता से प्राप्त होंगी, फिर शनिदेव की चिन्मयता-दिव्यता आपके अंदर प्रकट हो जायेगी। सकल देह, मन,

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

बुद्धि उनके अनुरूप चलने लगेगी। चित्त का उनसे तादात्म्य लाभ होगा। अभेद खत्म होगा। एकत्व स्थापित होगा। अपने समस्त दायित्व शनि में न्यस्त करके फिर निरपेक्ष भाव से विचरण होगा। यह शनि की दुर्लभ भक्ति है।

इतनी उन्नति पाकर ध्यान करते हुए अखण्डता से जप करते जाएं। अभिमान चला जाएगा। फिर शनिदेव महाराज आपके द्वारा अनेक अलौकिक कार्य सम्पन्न करायेंगे। (परंतु सावधान अपना अभिमान लगाने से सब गल जाएगा और उसकी कृपा समझने से बढ़ता जाएगा।)

4. इसके बाद भजन उन्हीं की शक्ति द्वारा सम्पन्न होगा। फिर साधन संस्कार बाकी नहीं रहेगा। चित्त में भाव प्रकाश होगा। अखण्ड जप व ध्यान के बाद साधक के चित्त में इष्ट शनि स्वरूप की अभिव्यक्ति होगी।

भगवती संक्षोभिणी

जीव क्षुभित होकर परास्त हो जाते हैं। शत्रुनाम युक्त इस मंत्र के 1000 जप से शत्रु भ्रष्ट चित्त होकर घूमता रहता है।

भस्म हाथ में लेकर 100 बार अभिमंत्रित कर मकान की आठों दिशाओं में फेंक दें अथवा गाड़ दें तो चोर, शत्रु, जंगली-हिंसक जानवरादि स्वप्न में भी नहीं आ सकते।

ॐ अस्य श्री संक्षोभिणी महामंत्रस्य अगस्त ऋषि पंक्ति छन्दः संक्षोभिणी देवी शिवा क्षं बीजं माया शक्ति श्री भगवती संक्षोभिणी प्रीत्यर्थे पाठे जपे विनियोग।

मंत्र- क्षां ओं नमो भगवति अपवाद-हरे परे महाक्रूरे सर्वशत्रुविमर्दिनी देवदत्त मनः क्षोभं कुरू कुरू स्वाहा।

ध्यान- पर्वा पंचमुखारूढा परिघासि कराम्बुजा सर्वारिहृदय क्षोभकारिणी पातु सर्वदा।

विशिष्ट शक्ति शनि साधना

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

ॐ शं शनैश्चराय नमः

ॐ शं सौरये नमः

प्रातः, सायं, रात्रि में सबके सो जाने पर एकान्त में बैठो। स्थान या तो बस्ती से बाहर नदी तटया शिवाला या अपने ही मकान में स्थित पूजा गृह हो, उसमें पूजा सामान के अतिरिक्त कुछ न हो। अगरबत्ती की खुशबू फैली हो, दरवाजा बंद हो। आसन पर बैठकर आधे घंटे से एक घंटे तक ऐसा ध्यान बाँधो कि उपरोक्त मंत्र तुम्हारे हृदय में सुनहले प्र ाश से लिखा हुआ है, जी चाहे तो मन ही मन उसका उच्चारण भी करते जाओ, अगर ना चाहो तो खाली उसे ही देखते रहो। दृष्टि लक्ष्य को न छोड़ने पावे, मन उसे छोड़ के बाहर विचरने ना जाने पावे। ऐसा लगातार त्रिकाल करते जाओ, एक माह पश्चात् जान पड़ेगा मंत्र के अक्षर मिटते जा रहे हैं। एक दिव्य प्रकाश आ रहा है, जिसे मंत्र चैतन्य कहते हैं। मन्त्राक्षर बिल्कुल लोप हो जायेंगे। हृदय आनन्दमय तेज से भर जाएगा। तेज के अन्दर एक मूर्ति झलक पड़ेगी, जो स्वयं शनि भगवान हैं। करते-करते दृश्य साफ होता जाएगा। वह तुम्हारे सम्मुख होंगे, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर देंगे। सहायता माँगने पर तुम्हें सहायता देंगे। अनुष्ठान पूरा हुआ, मंत्र पूरा हुआ, अभीष्ट मिल गया। यह ध्यान व उपासना की क्रिया है। जो बड़ी जल्द सफलता प्रदान करती है और शनिदेव पीड़ा हर कर कृपा प्रदान करते हैं, साधक को शक्तिपात कराते हैं। इसमें भय नहीं रहता। आवेश इसमें भी कभी-कभी आ जाता है। मगर यह पागल नहीं करता। उल्टे मनोवांछित फल प्रदान करता है।

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

शनि-तीर्थ कोकिला वन की महिमा

कोकिला वन वह परम पावन स्थान है, जहाँ शनिदेव को भी कृष्ण कृपा प्राप्त हुई थी। जैसा कि सब जानते हैं, शनिदेव भगवान कृष्ण के परम-भक्त हैं और कृष्णानन्द में मग्न रहने के कारण ही इन्हें अपनी पत्नी के शाप का भाजन बनना पड़ा था और इनकी आँखें सदा के लिए अधोदृष्ट हो गईं। पत्नी ने समझा कि शनिदेव जानबूझ कर मेरी सुंदरता की उपेक्षा कर मेरी ओर नहीं देख रहे हैं। अतः उसने उन्हें सदा नीची दृष्टि रखने के साथ यह भी शाप दे डाला कि जिसे वे देखेंगे, उसका शिरश्च्छेद हो जायेगा।

पत्नी के शाप की वजह से वह अपने प्रियजनों को भी देखने में अमसर्थ हो गये। अतः भगवान कृष्ण के अवतार लेने पर सभी देवता तो उनकी लीलाओं को देखने का आनंद लेने लगे, परंतु शनिदेव उससे वंचित होने की वजह से बड़े दुःखी हो गये थे। कहते हैं, इसी कोकिला वन में शनिदेव की ईष्टदर्शन की मनोकामना भगवान कृष्ण की कृपा से पूरी हुई थी।

यही वजह है कि आज भी लोग पूर्णमनोरथ होने के लिए कोकिला वन की यात्रा करते हैं, जहाँ शनिदेव की सिद्ध प्रतिमा स्थापित है और इस स्थान की बहुत महिमा है। हजारों लोग इस प्रतिमा के दर्शन कर शनिदेव पर तेल चढ़ाते हैं, दीपक जलाते हैं और शनिदेव का स्मरण करते हुए कोकिला वन की परिक्रमा करते हैं। इस पर शनि महाराज प्रसन्न होकर जातकों को पीड़ा से मुक्ति प्रदान करते हैं। इस वन में शनिदेव की प्रतिमा स्थापित होने के पीछे यह कथा है कि शनिदेव द्वापरयुग की समाप्ति काल से बैठे हुए हैं।

कथा है कि शनिदेव जो कि कृष्ण भगवान के अनन्य उपासक हैं, एक बार द्वापर में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद लेने के लिए

ब्रजधाम में मानव रूप धारण कर पधारे। नन्द गाँव में उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया जा रहा था। शनिदेव भी वहाँ उपस्थित थे। माता यशोदा को यह बात किसी देवता ने बता दी कि शनिदेव तेरे पुत्र के दर्शन के लिए महल में आ गये हैं। उस देवता ने यशोदा जी को शनिदेव की पहचान यही बताई कि उनका रंग श्याम और नेत्र विशाल हैं। वे शुष्कोदर हैं तथा सदैव नीची दृष्टि किये रहते हैं। उन लक्षणों के आधार पर माता यशोदा ने उन्हें पहचान लिया और विनती की कि आप महल से बाहर रहकर ही श्रीकृष्ण की बाल- लीलाओं का आनंद लें, क्योंकि ब्रजवासी आपको देखकर डर जाएंगे।

In Public domain-Digitization-Muthulakshmi Research Academy

माँ यशोदा की विनती सुन शनिदेव तत्काल महल से बाहर जाकर रूदन करते हुए अपने आराध्य देव कृष्ण से मन ही मन प्रार्थना करने लगे कि हे प्रभु! आपकी लीलाओं का आनंद लेने के लिए ऋषि मण्डल, देव मण्डल, सभी लता-पुष्प आदि के रूप में प्रकट हो गये हैं। वे सब गोप-गोपियाँ बनकर आपकी लीलाओं का आनंद ले रहे हैं। किंतु मुझे अकारण ही इस लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। आपको तो यह भली-भांति मालूम है कि मैं अपनी ओर से किसी को कोई कष्ट नहीं देता। सभी अपने कर्मों का ही फल भोगते हैं। किंतु जीवों के निज कृत कर्मों का फल भोगवाने की वजह से मेरे माथे पर ऐसा कलंक लग गया है कि लोग मुझे देखना भी पसंद नहीं करते। उसी का फल है कि आज माता यशोदा ने मुझे महल से बाहर निकल जाने का आदेश दे दिया। के करुणानिधान! मैं आपकी आज्ञा से ही जीवों को उनके कर्मानुसार भयानक दंड देता हूँ। लेकिन ये लोग अपने आपको बुरा न कहकर, उल्टे मुझे ही बुरा कहते हैं। मेरा क्या होगा, प्रभु मुझ पर कृपा करें। मैं आपका आज्ञाकारी पुत्र हूँ, मुझ पर दया करें।

ऐसी विनती करते हुए शनिदेव करुण-क्रंदन करने लगे। उनके करुण-क्रंदन को सुन कृष्ण भगवान प्रकट हुए और बोले- शनिदेव, मैं

तुम पर बहुत प्रसन्न हूँ। तुम मेरी आज्ञा के अनुसार कोकिला वन में निवास करो। वहीं रहकर तुम मेरी सभी लीलाओं का आनन्द उठाओ। मैं स्वयं तुम्हें आनन्दित करने कोकिला वन आऊँगा। वहीं पर तुम्हें मेरी आह्लादिनी शक्ति श्री राधिका जी के साक्षात दर्शन होंगे। कलियुग आने पर लोग उस कोकिला वन की परिक्रमा व पूजा करेंगे और मेरी कृपा से वे शनि ग्रह पीड़ा से मुक्त हो जायेंगे।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

तभी से कोकिला वन में सैकड़ों किलोमीटर से लोग शनि दर्शन के लिए आते हैं और सिद्ध मनोरथ हो अपने घर वापस लौटते हैं।

वहाँ शनिदेव के बीज मंत्र 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' का पाठ करते हुए 24 परिक्रमा करनी चाहिए। फिर शनि की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक तेल व फल-फूल आदि चढ़ाना चाहिए। वहाँ छाया-पात्र का दान भी अवश्य करना चाहिए। साथ ही, काले कपड़े में काले तिल व उड़द बाँधकर डकौत को दान देना चाहिए। सवा पाँच किलो चने शुक्रवार को भिगोयें व शनिवार को तेल, नमक, मिर्च का छौंक लगाकर लोगों में हलवा मिलाकर बाँट देने से भी शनिदेव प्रसन्न होते हैं व कष्टों से मुक्ति दिलाते हैं।

दीनन को रोटी खिला, रोगी की कर सेव।
नाना भांति भोग सभी, देंगे तुझे शनिदेव॥
शनि यंत्र धारण करो, उत्तम दिन शनिवार।
मिट जाये पीड़ा सभी, होवे बेड़ा पार॥

शनि शिंगणापुर

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

महाराष्ट्र में शनिदेव के अनेक मंदिर व सिद्ध स्थान हैं, जहाँ जाकर लोग शनि की कृपा से विविध विघ्न बाधाओं से छुटकारा पाते हैं। लेकिन शिंगणापुर का सिद्ध शनि पीठ सबसे अद्भुत व चमत्कारी है। वहाँ शनिदेव की स्वयंभू शिला प्रतिष्ठित है, जिसके दर्शनों व पूजा अर्चना से लोग विगत डेढ़ शतक से लाभान्वित होते आ रहे हैं। उससे पहले लोगों को इस स्वयंभू शनि शिला की जानकारी नहीं थी।

कहते हैं करीब 150 वर्ष पहले शिंगणापुर गाँव के पूर्व में स्थित एक नाले में भयंकर बाढ़ आई थी, जिसमें एक बहुत बड़ा काला पत्थर कहीं से बहकर आया और एक बेर के पेड़ के सहारे रूक गया। नाले को स्थानीय भाषा में वहाँ पनशाला कहते हैं। बाढ़ समाप्त होने पर तत्कालीन लोगों ने पानस नाले के किनारे एक बेर के पेड़ के पास एक काली शिला को देखा तो बड़े चकित हुए। कुछ चरवाहों ने उत्सुकतावश उस शिला पर डंडे से प्रहार किया तो उससे खून निकल गया। पत्थर से खून बहता देख चरवाहे दौड़ कर गाँव में गये और यह खबर बिजली की तरह पूरे इलाके में फैल गई। लोग दिन भर तर्क-वितर्क करते रहे कि यह अद्भुत शिला क्या है? इसमें ऐसी कौन-सी दैवी-शक्ति है जिसकी वजह से इस शिला में भी सजीव प्राणियों की तरह रक्त का संचार हो रहा है। अब इस शिला का क्या किया जाये? कहीं इसे उपेक्षित छोड़ देने से इस इलाके को किसी दैवी-प्रकोप का सामना न करना पड़ जाये। लेकिन लोग किसी निर्णय पर पहुँच नहीं पाये।

रात में शनिदेव ने एक भक्त को स्वप्न में आदेश दिया कि वह शिला जिसे तुमने पनशाले में देखा है, वह कोई सामान्य शिला नहीं, बल्कि मुझ शनिदेव की स्वयंभू शिला है। तुमको मेरा आदेश है कि उस शिला की विधिवत स्थापना कर पूजा-अर्चना करो, जिससे तुम्हारे कल्याण के साथ-साथ असंख्य लोगों का भी कल्याण होगा।

दूसरे दिन भक्त के कहने पर लोग बड़ी तत्परता से वहाँ बैलगाड़ी

लेकर पहुँचे ताकि एक नियत स्थान पर ले जाकर उस अद्भुत शिला की
In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy
स्थापना की जा सके। किंतु पचासों व्यक्तियों ने मिलकर उसे उठाने की कोशिश की, किंतु शिला टस से मस नहीं हुई। दूसरी रात में अपने भक्त को स्वप्न में शनिदेव ने अपनी शिला को उठाकर ले जाने की युक्ति बताते हुए कहा– यदि शिला को मामा–भांजा मिलकर उठायें और काले बैलों वाली गाड़ी में रखें तो बड़ी आसानी से उस शिला को पानस नाले से निकालकर उपयुक्त स्थान पर ले जाया जा सकता है। दूसरे दिन ऐसा ही किया गया। लोगों के आश्चर्य का कोई ठिकाना नहीं रहा, केवल दो व्यक्तियों (मामा–भांजे) ने शनि शिला को उठाकर बैलगाड़ी पर रख दिया। इस घटना से इस स्वयंभू शनि शिला की महिमा चारों तरफ फैल गई।

कहते हैं, शनिदेव की स्वयंभू शिला से लदी गाड़ी अचानक एक स्थान पर रूक गई और लाख कोशिश करने पर भी आगे नहीं बढ़ी। यानि शनिदेव ने अपने लिए वही स्थान पसंद किया। अतः उसी स्थान पर उस स्वयंभू शिला की विधिवत स्थापना कर शनिदेव की पूजा–अर्चना प्रारंभ कर दी गई, जो अब तक जारी है। शनिदेव अपने इस स्वयंभू शिला पर कोई मंदिर या छत्र रखना पसंद नहीं करते। अतः स्वयंभू शनि शिला खुले आसमान के नीचे मौजूद है। शनि कृपा से पूरे शिंगणापुर में किसी भी व्यक्ति के घर में किवाड़ नहीं लगाया जाता और न उस गांव में कोई चोरी ही करता है। शनिदेव की कृपा से सब आनन्द से है। जो भक्त श्रद्धा से यहाँ शनिदेव का पूजन करता है, उसकी सारी कामनाएँ पूरी होती हैं। यही वजह है कि यहाँ भक्तों की भीड़ बराबर लगी रहती है।

शिंगणापुर में विराजमान स्वयंभू शनि शिला के दर्शनों के लिए जाते समय निम्नांकित नियमों का पालन जरूरी है–

1. दर्शनार्थी अपने सिर पर टोपी या पगड़ी न रखें।
2. जो स्त्रियाँ रजस्वला हों अथवा जिन व्यक्तियों के घर में सूतक हो, वे

दर्शनों के लिए न जायें।

In Public domain, Digitization Muthulakshmi Research Academy

3. बिना स्नान किये दर्शन करना मना है।

4. शिला के दर्शन–पूजन के लिए स्त्रियों का चबूतरे पर जाना मना है।

5. पुरुष भी शनि शिला के दर्शन–पूजन के लिए शनि वाले चबूतरे पर स्नानोपरांत गीले वस्त्रों में ही जायें।

शिंगणापुर में शनि पूजन के लिए निम्नलिखित सामग्रियाँ साथ ले जानी चाहिएं–

1. काला वस्त्र, 2. सरसों का तेल, 3. प्रसाद, 4. आक पुष्प माला, 5. नारियल, 6. लोहे की नाल।

उक्त सामग्रियाँ साथ लेकर गये दर्शनार्थी शनिदेव को तेल चढ़ाते हैं और काला वस्त्र अर्पण करने के उपरांत माला व प्रसाद चढ़ाते हैं। फिर नारियल व घोड़े की नाल शनिदेव के चरणों से स्पर्श कराकर अपने कल्याण की कामना करते हुए चबूतरे से नीचे आ नारियल फोड़ते हैं और अपने हाथों में नाल लिए हुए शनि परिसर की परिक्रमा करते हैं। नाल को घर ले जाकर उसकी पूजा करते हैं और उसे पूजा वाले स्थान पर रख उसे नित्यप्रति धूप–बत्ती दिखाते हैं। ऐसा करने वाले भक्तों के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं। यही वजह है कि यहाँ भक्तों का तांता बराबर ही लगा रहता है।

ॐ

पत्थर की काली शिला, घर में रखो धाय।
प्रभु रूप दरसन करो, सभी कष्ट कट जाय॥
जो जीमावें चीटियाँ, आटा देय खिलाय।
मन से भी सुमिरण करे, सुख सम्पत्ति मिल जाय॥

पूजा से पहले

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

विनियोग

अपसर्पन्त्विति मन्त्रस्य वाम देव ऋषिः, शिवो देवता अनुष्टुप छन्दः, भूतादिविघ्नोत्सादने विनियोगः।

भूतोत्सादन मंत्र

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भूतलेस्थिताः
ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया॥

देव ध्यान (गणपति व गुरू ध्यान करें)।

आसन पवित्र करने का विनियोग एवं मंत्र

ॐ पृथ्वीति मन्त्रस्य मेरूपृष्ठ ऋषिः, सुतलं छन्दः, कूर्मो देवता, आसन पवित्रकरणे विनियोगः।

ॐ पृथ्वी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता। त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरू चासनम्॥

जपादि में सहायक नियम

1. सदा पूर्वाभिमुख व उत्तराभिमुख होकर जप करना चाहिये।
2. सामने ईष्ट मूर्ति व तस्वीर होनी चाहिए।
3. आसन ऊनी हो और केवल बैठकर जप करने के लिये हो।
4. माला स्वच्छ हो, सभी दाने समान हों।
5. धूप, अगरबत्ती व घी का तेल का दीपक जप समय जलायें रखें।
6. ईष्ट चिन्तन चरण से शीश तक करते रहें।
7. मन्त्रार्थ चिन्तन हो (न्यास विधि ठीक से करें)।
8. मन्त्र के दोनों और प्रणव रहने से मंत्र काल और बाह्य वायु से प्रभावित नहीं होता।
9. हितकारी, श्रद्धावान, माता-पिता व गुरूजन से आशीर्वाद लेना चाहिए।

10. सदैव उपांशु और मानस जप करना चाहिए।
In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy
11. श्रद्धा व विश्वास की तीव्रता सफलता प्रदान करती है। दीर्घकालीन फल अल्पकाल में फल प्रदान करता है।
12. अन्य देवों में भेदबुद्धि न हो, ईष्ट कृपा लाभ में बाधक है। सभी देवों को नमन कर अपने ईष्ट चिंतन में संलग्न रहें, सब देवों में ईष्ट दर्शन करें।
13. ध्यान रखें, जो दृढ़विश्वासी हैं, उनके मन में ऐसा संकल्प आते ही कि मूर्ति या तस्वीर चेतन है, उसका आधार निर्मल होने लगता है और अदृष्ट चेतन प्रकट हो जाता है। तब वह चेतन का व्यवहार करने लगता है। चलना, बोलना, प्रश्नों के उत्तर देना आदि। (यह बात सर्वप्रसिद्ध है कि रामकृष्ण परमहंस माँ काली की मूर्ति से बात किया करते थे।) जो सत्य व विश्वासी हैं भक्त, योगी, दानी उनके लिए असम्भव कुछ भी नहीं है।
14. जब शिष्य गुरूमुख से मंत्र सुनते हैं तब यह शिष्य के कानों में प्रविष्ट होकर हृदयक्षेत्र में चला जाता है। मन्त्र बीजस्वरूप होने पर चित्त शक्ति से अनुप्राणित है। जो शिष्य द्वारा किये गये जप से पालित व अंकुरित होकर शिष्य की मनोभूमि का आश्रय लेता है। दीर्घजपोपरान्त सिद्धि प्रदान करता है। क्षण (समय) मात्रा का ख्याल रखते हुए नियमित जप करना चाहिए।
15. मंत्र, जप, ध्यान व ईष्ट सिद्धि श्रद्धा व विश्वास का विषय है। तीव्र संवेग व वैराग्य ईष्ट चिंतन आदि तत्व प्राप्ति का अत्युत्तम साधन है। यह सब सूक्ष्म विषय है। मेरे ईष्ट रवि व छाया के सुपुत्र तथा यमाग्रज शनिदेव भगवान हैं। (यम ने नचिकेता को आत्मज्ञान प्रदान किया- कठोपनिषद्) शनिदेव नियमाधीन हैं, उनकी क्षमता अतुल्य है, वे कर्मफल प्रदान करने वाले हैं। भक्तों को पुरुषार्थ के सभी साधन प्रदान करने वाले हैं। उनकी कृपा अहंकारहीन होने से ही प्राप्त होती है।

चित्रविद्या मंत्र

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

मंत्र– ॐ वं रूं धूं सं जं ठं ह्रीं श्रीं ओं नमो भगवती चित्रविद्ये महामाये अमृतेश्वरी सर्वविषं नाशय नाशय, सर्वताप ज्वरं हन हन, सर्व पैत्योन्मादं मोचय मोचय, सर्वजनं मोहय मोहय, मां पालय पालय, श्रीं ह्रीं ठं जुं सं धूं रूं वं स्वाहा।

10,000 जप से सिद्धि-सिद्धि अनन्तर 1000 जप से ज्वर, विष, अनिद्रा, क्षुद्ररोग, महाउन्माद, हृदयविग्रह, वशीकरण (पान या इलायची स्त्री को दे, वह वशीभूत हो जायेगी) नाना प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। (अग्नि गर्म नहीं लगती, शीतल हो जाती है।)

ॐ अस्य श्री चित्रविद्या मंत्रस्य संवर्त ऋषिः शक्वरी छन्द देवी चित्रविद्या देवता रूं बीजं आप शक्तये श्री चित्रविद्या देवी प्रीत्यर्थे पाठे जपे विनियोग।

ध्यान– अमलकमलमध्ये चंद्रपीठे निषण्णाममृतकलश-
दानाभीतिमुद्राग्र-हस्ताम्।
प्रणतशिरसि पूरं संस्रवंतं सुधायाः
शरणमहमुपैमि श्री शिवां चित्रविद्याम्।।

चित्रविद्या मंत्र से अभिमंत्रित करके औषधि तेल, घृत, दूध, प्रातः काल नित्य पीने से कायाकल्प व कायासिद्धि हो जाती है।

श्री षणमुख स्कन्द साधना

3000 नित्य जप से साधक को अखिलार्थ लाभ, सर्वत्र सफलता एवं मनोवांछित सिद्धि प्राप्त होती है।

ॐ अस्य श्री षडानन मंत्रस्य काश्यप ऋषि त्रिष्टुप छन्दः सुब्रह्मण्य देवता सुं बीजं तत शक्ति श्री षणमुख प्रीत्यर्थे पाठे जपे विनियोग।

मंत्र– 'ॐ सुं सुब्रह्मण्याय स्वाहा।'

ध्यान– शक्तिहस्तं विरूपाख्यं शिखिवाहं षडाननम्।
दारणं रिपुरोगघ्नं भावयेत् कुक्कुटध्वजम्।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

श्रीमहाभैरव व बटुक भैरव

ॐ अस्य श्री महाभैरवमंत्रस्य वामदेव ऋषिः अनुष्टुप छन्द बटुकः शिवः देवता वं बीजं हुं शक्ति सर्वविघ्न विनाशार्थे श्री महाकाल बटुक भैरव प्रीत्यर्थे पाठे जपे विनियोग।

मंत्र– ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं रक्ष्म्रयां वं वटुकाय वटुकाय
आपदुद्धारणाय कुरू कुरू बटुकाय ह्रीं नमः (स्वाहा)

ध्यान– करकलितपालः कुंडली दंडपाणिस्तरूणतिमिरनीलो
व्यालयज्ञोपवीती।
कृत-समय-सपर्या विघ्नविच्छेद हेतुः जयतु
बटुकनाथः सिद्धिदः साधकानाम्।।

सभी प्रकार की सिद्धि के लिए इस मंत्र के अंत में 'नमः' लगाना चाहिए। शत्रु के वशीकरण, शत्रु निग्रह, उच्चाटनादि कर्मों में स्वाहा लगाना चाहिए।

महेश्वरी मंत्र

ॐ अस्य श्री माहेश्वरी मंत्रस्य रूद्र ऋषि गायत्री छंद माहेश्वरी देवता भुवो बीजं गायत्री शक्ति श्री माहेश्वरी माता प्रीत्यर्थे पाठे जपे विनियोग।

ध्यान– श्वेताभां श्वेतवस्त्रां कुचभरनमितां श्वेतमाल्याभिरामाम्।
त्रेधा शूलं कपालं कनकमणिजपस्रवहंती कराब्जैः।।
वन्देऽनऽवाहरूढां स्मित-विशद-चतुर्वक्त्र-पद्मां त्रिनेत्राम्।
माहेशीं स्निग्धकेशीं मणिमयवलयां मन्यु युक्तां प्रसन्नाम्।।

मंत्र– ॐ भुवः ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य
धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

मनु हृदय शनिदेव का, प्रेम अजब संजोग।
हँसते जग के लोग सब, कैसा पाला रोग।।
शनैश्चर सुरवन्द्य मन्द, घन स्वरूप विधिरूप।
ये छाया के लाल हैं, विद्या अविद्या स्वरूप।।

शनि छन्द

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

पत्थर की काली शिला, घर में रखो धाय।
प्रभु रूप दरसन करो, सभी कष्ट कट जाय।।

जो जीमावें चीटियाँ, आटा देय खिलाय।
मन से भी सुमिरण करे, सुख सम्पत्ति मिल जाय।।

शनिवार उपवास करे, पूजे शिव भगवान।
शत्रु पर विजय पाये वो, हर विधि हो कल्याण।।

वस्त्र काले रंग का, या फिर काली गाय।
शनि दिवस को दान करें, ग्रह दशा का उपाय।।

पीपल में प्रभु वास है, जो जल दे शनिवार।
उस पर देव दया करें, नाव लगावे पार।।

नाव की लौह कील से, ले छल्ला बनवाय।
अंगुली में धारण करे, यह भी परम उपाय।।

दीनन और अपंग को, भोजन देवे कराय।
शनी दया उस पर पड़े, सुख सम्पत्ति मिल जाय।।

दान करे मन चित्त से, और लगावे ध्यान।
शनि दया से भक्त वो, पावे मुक्ती ज्ञान।।

शनि स्तोत्र का जाप करे, सुबह दोपहरी शाम।
और सुने चित्त लाय के, प्राप्ति विजया काम।।

दीनन को रोटी खिला, रोगी की कर सेव।
नाना भांति भोग सभी, देंगे तुझे शनिदेव।।

शनि यंत्र धारण करो, उत्तम दिन शनिवार।
मिट जाये पीड़ा सभी, होवे बेड़ा पार।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

भजन

बेखौफ हो जा, शनि शरण में आकर के बेखौफ हो जा।
बेखौफ हो जा, शनि चरण अपनाकर के बेखौफ हो जा।।
पतित को भी शनि पावन कर दे, जीवन को मन भावन कर दे।
नक्षत्र भार तेरे मिटा दे सारे, पाप कर्म तेरे जला दे सारे।
तुझको कुंदन बना कर के।। बेखौफ हो जा.......
मुक्ति पथ की राह तू पावे, भवसागर से पार लगा वे।
स्वर्ग लगे तुझे दुनिया सारी, काट दे देवा हर बीमारी।।
प्रेम का चंदन लगा कर के।। बेखौफ हो जा.......
नाम शनि का प्यारे सुमर के, चरणों की रज मस्तक धर के।
शुद्ध तेल से उन्हें नहलाकर, गल फूलों का हार चढ़ाकर।।
खुश कर वन्दन गाकर के।। बेखौफ हो जा.......

भजन

रस्ता पाप का जो ले, तेरी दाल ना गले।
तेरी दाल ना गले, तेरी एक ना चले।।
पाप पुण्य की ना जुगती भाई, लम्बी सही पुण्य की राही।
पलड़ा जिसका भारी भइया, मिलती वैसी कर्म कमाई।।
पुण्य कहलाते भले, तेरी एक ना चले।।
पीछे संचित पाप किए थे, आशीष कम थे श्राप लिये थे।
रोते-रोते जिसको भोगे, दोष सभी किस्मत को दिए थे।।
नैया डगमग होए हिले, तेरी एक ना चले।।
शनि शरण में आ जा भाई, हो जावे तेरी मनचाही।
पुण्य होए उजागर तेरे, लूटे जग में रह वाहवाही।।
न्याय कर्म का करे इकले, तेरी एक ना चले।।

गजब कर डाला

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

गजब कर डाला अजब कर डाला।
हे छाया के लाला पिला के प्रेम प्याला।।

खामोश हो गया हूँ, मदहोश हो गया हूँ।
बेहोश हो गया हूँ, सब जोश खो गया हूँ।
लीला तेरी निराली, तेरा रूप है निराला।।

तेरे नाम का दीवाना, मैं हो गया हूँ माना।
क्या तूने नहीं जाना, जग से हुआ बेगाना।
अब बन गया फसाना, सुन ले हे दीनदयाला।।

सूरज में नूर तेरा, चंदा में नूर तेरा।
हर शै मैं तुझको देखूँ, क्या है कसूर मेरा।
मेरा राम भी तू ही है, तू ही है बंशी वाला।।

हस्ती मेरी है तुझसे, बस्ती मेरी है तुझसे।
भव पार हो रहेगी, कश्ती मेरी ये तुझसे।
माशूक तू मेरा है, आशिक मैं भोला-भाला।।

आदत मेरी निराली, खिदमत मेरी निराली।
उल्फत मेरी निराली, तेरे दर का 'मनु' सवाली।
तूने ही प्राण बख्शा, तूने ही मुझको पाला।।

तज विषय शनिदेव का, पूजन करे त्रिकाल।
शनिदेव दाता करें, जीवन जीव निहाल।।
शनि अनन्त महिमा अनन्त, अनन्त कलि का काल।
सर्व जन उद्धार हित, जाग्रत शनि तत्काल।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि भजन गा ले

शनि भजन गा ले जो कालों के भी काल हैं।
शनि कृपा पा ले कर देते मालामाल हैं।।

साधु संत गावें दिन राती, दुःख में सुख में भए शनि साथी।
पीड़ पड़े दौड़े आ जावें, दुष्टों की ना पार बसाती।
मिट जावें सब नाले, छूटें सभी जंजाल हैं।।

भव सागर के बन के खिवैया, पार करेंगे तेरी नैया।
मोह माया का काट दे फंदा, जन्म सफल हो तेरा भैया।
जो जपते संकट टालें, तारे पापी चण्डाल हैं।।

मात-पिता संग दुनिया सारी, कहें तुम्हें उत्तम संसारी।
शरण शनि पा बन जाये कंचन, हस्ती तेरी होवे न्यारी।
'मनु' नाम शनि गा ले, सदा बने भक्त की ढाल हैं।

तू ही माता पिता मेरा बहन तू भैया है।
मैं सुदामा हूँ तेरा तू मेरा कन्हैया है।
तू ही भगतों की लाज का शनि रखैया है।
तू ही गरीबों के भण्डार का भरैया है।
बड़े-बड़े पापियों के पाप का छुड़ैया है।
'मनु' मन रात दिन लेता तेरी बलैया है।।

शनि से मन भय उपजे, सुन प्राणी नादान।
शनी देव दाता करें, करमन फल प्रदान।।
सब देवों में हैं बड़े, कृष्ण वर्ण शनिराज।
जो नर ध्यावे नित्य ही, पूरण करते काज।।

प्रेम जिसने शनि का कमाया

In Public Domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

प्रेम जिसने शनि का कमाया,
बीच दुनिया के सब कुछ है पाया।
शीश चरणों में जिसने झुकाया,
भर के झोली वो दर से है लाया।

ख्वाहिशें पूरी हो तेरे मन की,
बदली छँट जाये वृथा भ्रम की।
शरण आ जा शनि की तू प्यारे,
उसने लाखों का संकट मिटाया।

हैं बड़े ही गजब कलि के देवा,
पाया उसने है जिसने की सेवा।
जिसने रो-रो के दुखड़ा सुनाया,
काम उसका तुरत ही बनाया।

यूँ ना नाहक ही जीवन लुटाना,
नाम जग में है तूने कमाना।
नाथ अपना के 'मनु' ने पुकारा,
उसकी नैया को पार लगाया।

तुम्हीं विश्व रूप मैंने देव जी ये पाया है।
तुम्हीं में कृष्ण शिव सूर्य समाया है।
सभी दुष्टों को तुमने काल बन डराया है।
'मनु' भक्तों की तुमने लाज को बचाया है।

CC-0. Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि प्रेम का जो दीवाना

शनि प्रेम का जो दीवाना हुआ है।
चर्चा-ए-आम उसका फसाना हुआ है।
व्यर्थ लगती उसको ये दुनियादारी।
मोह लोभ से मन बेगाना हुआ है।
शनि शनि बोल, शनि शनि बोल।
शनि नाम है बड़ा अनमोल, बोल शनि बोल बोल शनि बोल।
अपने हृदय के पट खोल, बोल शनि बोल बोल शनि बोल॥
शनि नाम है सबसे निराला।
खोले किस्मत का तेरी ताला।
क्या लागे है तेरा मोल, अपने हृदय के पट खोल।
तुझ पर सौ जुल्मों सितम हो जायें।
पाप तेरे बढ़ जायें, पुण्य कम हो जायें।
नाम लेने से मिले शरण शनिदेव की।
मिटे जीवन का तम तेरे गम खत्म हो जायें।
अपने मन को वीणा बना ले।
शनि नाम स्वर तार चढ़ा ले।
ना इस जग जंगल में डोल, अपने हृदय के पट खोल।
दुर्लभ मानुष तन मिला पारस सम अनमोल।
शनि नाम पावन करें, स्वांस स्वांस पे बोल।
नर तन का श्रृंगार यही है।
रवि सुत को स्वीकार यही है।
ये तुझको संजीवन घोल, अपने हृदय के पट खोल।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि देव के द्वार

शनिदेव के द्वार लागी भक्तों भीड़ अपार मुझे भी जाना है।
मन में भर शनि प्यार जग के नाते सभी बिसार,
शनि गुण गाना है।।
अधोदृष्ट वाले हैं, रंग के ये काले हैं,
भैंसे की सवारी है।
धीमी-धीमी चाल है, घुंघराले बाल हैं,
अखियाँ अनारी हैं।
मिलकर पूजे नर-नार, डाले गल फूलों का हार।
नवाते जो माथ हैं, हर पल साथ हैं।
शनि देव प्यारे जी।
हजारों हाथ हैं, दुष्टों को रात हैं।
भक्त को उजारे जी।
नहीं लाते हैं वार, हर लेते हैं सारा भार।
कहता जमाना है।
विक्रम पे किरपा कर, देके दशरथ को वर,
किया कल्याण है।
मदन महाराज का, बजरंग की लाज का तूने रखा मान है।
तेरी 'मनु' शरण न्यौछार, दे दो दाता थोड़ा प्यार।
दर्शन पाना है।।

ले चल रे प्यारे

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

ले चल रे प्यारे बालमा, मंदिर में कोकिला।
शनि दर्शन से, उनके भजन से, हमको है सब कुछ मिला।
ले चल री सजनी ओ मेरी, मंदिर में कोकिला।
तेल चढ़ाकर भोग लगाकर, जीवन का ले गुल खिला।
मंदिर में चल के रवि कुंड में नहायेंगे।
जोत जला के प्यारी मस्ती में गायेंगे।
शीश झुकाकर आशीष पाकर मिट जाये सारा गिला।
अहसां ये मुझपे तेरा होगा ओ प्यारी।
शनि अनुराग की जो जावे चढ़ खुमारी।
दुनियादारी झूठी सारी, गम का दे जहर पिला।
झोलियाँ भर दी उनकी, जो भी दर आये हैं।
बन के दयालु शनि ने कष्ट उठाये हैं।
दर है निराला सबसे ही आला हो सबका फैंसला।

शनिदेव बलकारी, गिद्ध तेरी है सवारी।
रूप चतुर्भुज धारी, अति ही विशाल है।
सूर्यदेव पिता तेरे छाया तेरी महतारी।
महिमा देवों में न्यारी, करते निहाल हैं।
तेल अभिषेक करें, लौह प्रतिमा पे थारी।
मोदक चढ़ावें, चढ़ें उड़द की दाल है।
भगतन हितकारी, सुमिरत नर-नारी।
नीलाम्बर धारी 'मनु', कालों के भी काल हैं।

शनि नाम तेरा

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि नाम तेरा परम धाम का द्वारा।
जपता हूँ प्रभु आठों याम, मैं सगरा काम बिसारा।

सुना सदा से जो भी तेरा भजन हैं गाते।
तेरे नाम की मस्ती में ही वो मदमाते।

छोड़ दुरंगी तेरे ही रंग में रँगराते।
तेरे भिन्न-भिन्न रूपों का शनि दर्शन पाते।

तेरा पूजन सकल विपद को टार देवे।
काम क्रोध और लोभ को दाता मार देवे।

अपने भक्त को लगा हिय से प्यार देवे।
थाम के अंगुली नैया कर भव पार देवे।

काम लिया है केवल तुमको ही रिझाना।
धरूँ ध्यान चरणों का तेरे गाऊँ गाना।

जग में तेरे भक्त 'मनु' का शुमार होवे।
तेरे सहारे भव से नैया पार होवे।

मृत्तिकासूक्तम

भूमिर्धेनुर्धरणी लोकधारिणी। उद्धृताऽसि वराहेण कृष्णेन शत-बाहुना। मृत्तिके हन मे पापं यन्मया दुष्कृतं कृतम्। मृत्तिके ब्रह्मदत्ताऽसि काश्यपेनाभिमन्त्रिता। मृत्तिके देहि मे पुष्टिं त्वयि सर्वं प्रतिष्ठितम्॥
मृत्तिके प्रतिष्ठिते सर्वं तन्मे निर्णुद् मृत्तिके। तया हतेन पापेन गच्छामि परमां गतिम्॥

शनि के चरणों में

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि के चरणों में झुकता है संसार।
नाथ मेरे कलियुग में सबको हैं सुखकार।।

शनि जयकारे लगा प्रेम से शनि मस्ती में झूमें।
हनुमत दर्शन कर के भाई परिकरमा में घूमें।
दर्शन करने आये दूर से पंडित साहूकार।।

भीड़ भई भक्तन की भारी, शनि अमावस आई।
संग में लेकर उड़द तेल तिल, दीपक ज्योति लाई।
कोकिला वन की शोभा न्यारी, जलते दीप हजार।।

शनि पताका हाथ में लेकर, साधु जन गुण गावें।
शनि कृपा मिल जाती सबको, अष्ट सिद्धियाँ पावें।
शनि देव-सा ना कोई जग में, दूजा परम उदार।।

कोकिला वन में आये शनि ने कान्हा दर्शन पाये।
जान के उनको परम तपस्वी बनखण्डी हरषाये।
'मनु' शनि गुण गाकर प्यारे, उतरो भव से पार।।

महिमा बड़ी शनिदेव की, सब सुख क्षण में देत।
रक्षक बन शनिदेव जी, संकट सब हर लेत।।
विनती जो शनि से करे, कातर सम सुग्रीव।
आँधी तूफाँ में कभी, उखड़ ना पावै नींव।।

शनि प्रेम को मन में

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि प्रेम को मन में बसाकर, दरबार शनि के आकर।
बन जा तू शनि का चाकर, प्यारे शनि कृपा को पाकर।
तेरे कारज संवारे भरकर भण्डारे, बैठे बन में कोकिला।
करेंगे तुझपे दया बना के अपना सदा।
गफलत की भारी नींद में, मन मूढ़ था जो सो रहा।
मानव तन अनमोल है, इसे बाँवरे क्यों खो रहा।
माया बड़ा तूफान है, दज्जाल भारी है बड़ा।
शरण ले शनिराज की गलफंद ले अभी छुड़ा।
तेरे करे वारे-न्यारे दे के साधन, सहारे बैठे बन में कोकिला।
करेंगे तुझपे दया, बनाके अपना सदा।
परिकरमा शनि धाम की, नर-नारी करते रोज हैं।
मल-मल नहलाते देव को, देते उड़द का भोज हैं।
लौह पात्र कर में धार के, सरसों का तेल डाल के।
दीप जला पूजन करें, तेल चढ़ा शनि भाल पे।
जो भी शरणा सिधारे, शनि दुःख से उबारे।
बैठे बन में कोकिला, करेंगे तुझपे दया, बना के अपना सदा।
मत सोच आजा द्वार पे नहीं झूठ सत्य है यहाँ।
शनि चरण हिरदय धार ले बेकार फिरता है कहाँ।
फैली शनि की कीर्ति, योगी बड़े निराले हैं।
जाग्रत कलि के देव हैं, रंग के शनि जी काले हैं।
जीवन से जो हारे उन्हें भवपार तारे।
बैठे बन में कोकिला, करेंगे तुझपे दया, बना के अपना सदा।

बेखबर मुझसे शनि क्यों

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

बेखबर मुझसे शनि क्यों बेखबर।
द्वार पे तेरे कब से पड़ा हूँ डालो दया की नजर।
वेदन हृदय बस गया मेरे, छाए तन पर कष्ट घनेरे।
चारों तरफ से शत्रु घेरे, ठगते मुझको साँझ सवेरे।
जन्मों का भटका शरण में आया, दिखला दो मुझको डगर।
राह निहार के अखियाँ हारी, लगे प्रतिक्षा विषम कटारी।
महिमा तेरी सुनी है भारी, छाया सुत अब कर उजियारी।
लाखों शरण में तेरी आकर, तर गए भवसागर।
अधम दीन के तुम हो सहारे, सब भक्तन के तुम रखवारे।
रोम-रोम 'मनु' ये ही पुकारे, पाऊँ शनि मैं दरस तुम्हारे।
दीन जान मुझे अपना बना लो शनि मेरे बनकर।

ॐ

सब दुख भगतों के, पल में हरण करे।
छायासुत शनिदेव, प्रभु जी निराले हैं।
खाली लेके झोलियाँ जो, तेरे दर आए प्रभु।
अन्न-धन-पुत्र सब पाते मतवाले हैं।
तेल अभिषेक करें, लौह प्रतिमा पे तेरी।
दीनन को दान करें, काटे दुख जाले हैं।
करता जो कीरतन, चौरासी का फंद काटे।
'मनु' घट उजाला करे, शनिदेव काले हैं।

तेरा व्रत करूँ शनिवार

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

तेरा व्रत करूँ शनिवार कोकिला वन वाले।
धारे चतुर्भुज रूप निराला, भैंसे पे हो गये सवार।

जो भी आते दर पे तेरे।
मिट जाते हैं कष्ट घनेरे।
देवें पदार्थ चार..... कोकिला वन वाले।।

कोकिला वन के देव निराले।
करें भक्तों के घर में उजाले।
शरणा दें करे उपकार..... कोकिला वन वाले।।

कुंड में नहाकर तेल चढ़ाऊँ।
तिल उड़द का भोग लगाऊँ।
डालूँ गल फूलों का हार..... कोकिला वन वाले।।

पेट पलनिया परिक्रमा कर।
नाम तेरा जिभ्या से गाकर।
चरणों में करूँ पुकार..... कोकिला वन वाले।।

'मनु' भरता झोलियाँ तू सबकी।
बारी मेरी आई अबकी।
पुत्र का दे दे अधिकार..... कोकिला वन वाले।।

रखे टेक शनिदेव जी, तारे भव से पार।
चौरासी के फेर से, कर देवे उद्धार।।
कर्म किए जाए मना, सकल ग्रह फल देत।
शुभ कर्मी सुख पावे हैं, शनि पूजन से चेत।।

कोकिला वन में

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

कोकिला वन में लगा है मेला, शनिदेव जी के द्वारे।
बोलो जयकारे सब बोलो जयकारे॥
भीड़ भई भगतन की भारी, मुख से ये ही उचारे।
बोलो जयकारे सब बोलो जयकारे॥

करें लाखों शनि सेवा, भरे भण्डार देवा।
शनि जी भेद न जाने, सभी को अपना माने।
यहाँ की बात निराली, न खाली जाये सवाली।
शनि गुणगान गाकर, शनि की कृपा पाली।
पूजन करते बड़े मजे से, गाते भजन तुम्हारे।
बोलो जयकारे सब बोलो जयकारे॥

यहाँ आनन्द निराला, पहुँचे किस्मत वाला।
सभी ग्रंथों में लिखा, रहे यहाँ ग्वाल गोपाला।
रवि का कुंड यहाँ पर, मिटेंगे कष्ट नहाकर।
तेल शनि को चढ़ाओ, शनि की आरती गाकर।
डाल के सब पे कृपा दृष्टि, कर देंगे उजियारे।
बोलो जयकारे सब बोलो जयकारे॥

गुनाह जो रोज करते, समझते मौज करते।
दशा जब आये शनि की, पाप के भोग भरते।
सम्भल आखिर में जाते, शनि की कृपा पाते।
फिर नंगे पैरों चल के, शनि के दर पे आते।
लाल बना गोदी में बैठा ले, बन करके हितकारे।
बोलो जयकारे सब बोलो जयकारे॥

हुनर ये है शनि का, असर ये है शनि का।
कोकिला वन अनोखा, घर ये है शनि का।

यहाँ हर ओर मस्ती, यहाँ संतों की बस्ती।
In Public domain, Digitized by Muthulakshmi Research Academy
यहाँ पर मुक्ति मिलती, यहाँ कृपा बरसती।
'मनु' पाप को भुगता करके, जीवन शनि सुधारे।
बोलो जयकारे सब बोलो जयकारे॥

बुला लो शनि दाता

बुला लो शनि दाता दर पे बुला लो।
चरणों का अपने मुझको सेवक बना लो।
लाखों हैं अरमां दिल में कैसे निकालूँ।
मंजिल मेरी तू, तुझको कैसे मैं पालूँ।
हृदय में मेरे सुन्दर मंदिर बना लो॥
फीकी लगे ये दुनिया कुछ भी न भावे।
पूजे ये मन तुझको और को न ध्यावे।
शरण में अपनी लेके बन्धन छुड़ा लो॥
मैं हूँ विकारी शनि जी तुम अविकारे।
रसना मेरी ये केवल तुमको पुकारे।
अवगुण सभी मेरे तन से निकालो॥
हृदय में तेरा दर्शन जिस पल पाऊँ।
होकर के तन्मय अपनी सुध बिसराऊँ।
कृपा की दृष्टि ऐसी 'मनु' पर भी डालो॥

In Public domain. Digitization: Mumukshu Research Academy

शनि जिसने भी तुमको

शनि जिसने भी तुमको पुकारा।
उसके जीवन को तुमने सँवारा।
जिसने हृदय में तुमको निहारा।
तेरे दर्शन का पाया इजारा।
जय शनि देव शनिदेव जय जय देव।।

उल्फत के तेरी दीवाने, तुमको सदा से वो जाने।
भगतों के तुमने ओ दाता, कर डाले जीवन सुहाने।
जिसने तुमको बनाया सहारा,
हुआ चरणों का तेरे दुलारा।।

संकट से तुम हो बचाते, पावन शनि जी बनाते।
कर्मों का फल तुम दिलाते, कृपा की हाला पिलाते।
दर पे बहती दया की है धारा।
ना ही तुम-सा कलि में उदारा।।

दशरथ के कारज सँवारे, भय से वो तुमने उबारे।
जन-जन को सुख पहुँचाया, कोकिला वन में जब से पधारे।
किया विकरम का ऊँचा सितारा।
'मनु' दे दो हमें सुख अपारा।।

लीला श्री शनिदेव की, अद्‌भुत और विचित्र।
कलियुग में कल्याण करे, बनकर 'मनु' के मित्र।।
मंगल जो शनि पूजते, धार हिय विश्वास।
शनी सकल भय हर करें, पूरण मन की आश।।

शनिदेव जी का द्वारा

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनिदेव जी का द्वारा, झुके जाके जग सारा।
जयकार लगे शनि नाम की, बड़ी धूम मची शनिधाम की।

अमीर गरीब आये आये हैं भिखारी।
जोर से जय बोल रहे देव जी तुम्हारी।
कर दे मालामाल, चंगा होवे तेरा हाल।
कुछ ना होवे फिकर अंजाम की॥

पापियों के पाप सारे पल में निवार दे।
बन पतवार तुझे कर भव पार दे।
जादू है निराला, शनिदेव मतवाला।
बैठा शोभा बढ़ाये ब्रजधाम की॥

नाम की महिमा तेरी गूँजे संसार में।
दीपक जलावें सभी घर शनिवार में।
जिसे जग ने ठुकराया, उसे देते हैं सहारा।
लगा सेज देवे आराम की॥

चरण तुम्हारे प्रभु अधम का शीश हैं।
तू ही मेरा संसार, तू ही मेरा ईश है।
नहीं देर लगाओ, चाहे जैसे भी निवाहो।
सेवा सफल करो 'मनु' चाम की।

तेरा चर्चा बड़ा

In Public domain. Digitization by Muthulakshmi Research Academy

तेरा चर्चा बड़ा, मैंने सबसे सुना।
तेरे दर आ गया, मेरी बिगड़ी बना।।

तेल संग मैं ले आया हूँ, मल के तुझको नहलाऊँगा।
कील लोहे की मैं दाता, तेरे पैरों चढ़ाऊँगा।
तिल के लड्डू बने मीठे, तुझे भोग लगाऊँगा।
दाल उड़द की साबुत शनि, धूप-दीप जलाऊँगा।।

आक पुष्पों की माला बनी, गल तेरे पहनाऊँगा।
देव दरबार तेरा सदा, फूलों से सजाऊँगा।
भैंसे की सवारी है, भगतों का भयहारी है।
तू शिव अवतारी है, कोकिला वन विहारी हैं।।

कलियुग पतवारी हैं, शनि न्यायाधिकारी हैं।
अधमों का उद्धारी हैं, तेरी लट घुँघराली है।
मस्तक बड़ा भारी है, नीलाम्बर धारी है।
'मनु' भजन करे तेरा, मिलकर संसारी हैं।।

फरियाद मेरी सुनकर, नावाजिश वो डाल दें।
तो मेरे दीवाने दिल को, करार आ जाये।
बहते हैं नजरों से जो अश्क तेरा नाम लेकर।
उन अश्कों में हीरों-सा निखार आ जाये।।

जग हरषे तेरे दर

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

जग हरषे तेरे दर आकर के जग हरषे।
शनि जी के दर का नजारा अनोखा।
खाली जाये नहीं नर-नार शनि दर से।। जग हरषे.....।।
देते हैं दौलत शनि जी निराली।
भर जायें घर-संसार धन बरसे।। जग हरषे.....।।
दीनों की आके करेगा जो सेवा।
बढ़े शनि का प्यार उस नर से।। जग हरषे.....।।
उल्फत में शनि की मजा है निराला।
मिट जावे सारी रार तेरे सर से।। जग हरषे.....।।

ऐसी लागी प्रीत तोसे छाया सुत शनिदेव।
जिधर भी देखूँ, तेरा रूप नजर आवे है।
सूझे नाहीं कुछ और तेरा एक नाम प्रभु।
सारा संसार मुझको पागल बतावे है।
नैन मेरे नीर भरे, सबकी तू पीर हरे।
मेरी बारी आई शनि, देरी क्यों लावे है।
भगती का दान देओ, कृपा कर नाथ जी।
हर क्षण 'मनु' प्रभु, तुमको ही ध्यावे है।।

रवि छाया ने लाल का, नाम रखा शनिदेव।
करमन फल को देत हैं, कष्टों के हर लेव।।
रूप चतुर्भुज धारे हैं, निराकार साकार।
उनका बेड़ा पार है, जिन्हें शनि से प्यार।।

मन को शनि में

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

मन को शनि में रमाते चलो। जीवन कलिका खिलाते चलो।।
मानुष जीवन सफल होवे। पुण्य कर्म तुम कमाते चलो।।

जाति-पाति का भेद न जाने, कर दें सभी को निर्मल।
मन हो जाये काबू तेरे, मिट जाये सब हलचल।।
दुखड़े शनि को सुनाते चलो।।

मुरझाये मन पुष्पों के गुलशन, खिल जाते शनि दर पे।
नूर प्रेम का दिल में भर दें, हाथ रखें तेरे सर पे।
भेद सभी से मिटाते चलो।।

दिल हो फिदा दिलदार शनि पर, मुक्ति लाभ मिल जाये।
मानुष जन्म सफल हो जाये, कश्ती साहिल पाये।
प्यार की मंजिल पाते चलो।।

नेक निगाहों नेक हो लक्ष्य, आदर दर शनि तेरा।
'मनु' मिट जाये तेरा प्राणी, चौरासी का फेरा।
शनि के प्रेमी कहाते चलो।।

शनिदेव नर, हर पल सुमिर, कलिकाल बड़ दुखदाइ है।
मिटता अविद्या जाल जिन, शनि चरनन्हि लौ लाइ है।।
मंदिर शनि के जाय जो, शनि अमृत वाणी गावते।
हो पूर्ण 'मनु' मन कामना, अरू मुक्ति पद को पावतै।।

मुद्दत से आते हैं

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

मुद्दत से आते हैं, दर पे दीवाने। लेके फसाने उनके बहाने।
नाचने गाने और सुनने सुनाने। लेके फसाने उनके बहाने।।

सबकी निराली कहानियाँ, सुनते देवा हैं,
भय हर लेवा हैं, त्रिशूलधारी।

मुश्किल में जो जिंदगानियाँ, पाते मेवा हैं,
करते जो सेवा हैं, बड़े न्यायकारी।
विश्वास पूरे हो जो मन में ठाने।।

फल देते सबको किए का, अभय वर देते हैं,
भय हर लेते हैं, छाया के लाला।

नाम तू शनि का लिए जा, जो भी नर लेते हैं,
दु:ख हर लेते हैं, संकट के टाला।
देंगे शनि तुझको भक्ति खजाने।

तेरी दया का भिखारी, न विद्या न बल हो,
दीन हो पागल हो, तेरा सदा है।

कहलाता तेरा पुजारी, सुरतिया अचल हो,
उसका तू कायल हो, तेरी अदा है।
'मनु' भक्त उनका, वो तेरे मस्ताने।

मन ये बोलेगा

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

मन ये बोलेगा, दिल ये बोलेगा।
नाम सुमिर ले, शनि का पा ले, सोये भाग जगा ले।
बड़ी है महिमा भारी, दुविधा मिटती सारी।
दर्शन पाके हरषे, मिलकर के नर-नारी।
रीति पूजा कुछ ना जाने, स्वाँस-स्वाँस पे गा ले।
स्वाँस गंग में सब पापों को खुद ही धो लेगा॥
अर्ज तेरी सुन लेगा, वो योगी है ज्ञानी।
झोलियाँ भर देता है, बड़ा ही है दानी।
सुखमय कर ले सारा जीवन, शनि शरण में आ।
शनि कृपा से मन ये तेरा फिर ना डोलेगा।
है करूणा सागर ऐसा, दुख नदिया पी लेगा।
रार हर खत्म होगी, तू दो दिन जी लेगा।
अंत समय में शनि सुमिरण से, धाम शनि के जा।
नाम जपन से तेरा मुक्ति द्वार खोलेगा।

लगन लगी शनिदेव से, मिटे द्वैत अज्ञान।
अभय रहे जीवन सदा, मूरख बीच सुजान॥
करिये शनि संकीर्तन, पाइये कृपा खास।
स्वाति बूँद चातक लिये, मिट जाती है प्यास॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि धाम में भगतों

शनि धाम में भगतों चलो चलें।
शनि धाम में भगतों चलें।

नहीं लगते ज्यादा दाम दाम, कल्याण करे शनि नाम धाम।
बिगड़े बन जाते काम काम, नक्षत्र भार सब ढले-ढले॥
ये छाया के हैं लाल-लाल, घुँघर वाले हैं बाल-बाल।
बन जाते दुख में ढाल-ढाल, जग न्याय करें ये ही इकले॥
श्याम रंग है रवि के प्यारे, सब भक्तों का कष्ट निवारें।
करते भव से हैं पार-पार, हर लेते हैं सब भार-भार।
मिट जाती सारी रार-रार, पथ कंटक सारे टलें-टलें॥
अजब अनोखे हैं शनि देवा, दशरथ नृप के भय हर लेवा।
राखा जग में था मान-मान, बख्शे नर-नारी प्राण-प्राण॥
कलियुग में ऊँची शान-शान, कर देते कारज भले-भले।
राजा विक्रम अति दुख पाया, तेली के घर कोल्हू चलाया॥
अंत आया तेरी शरण-शरण, धरे ध्यान तेरे प्रभु चरण-चरण।
छूटा दुनिया से जन्म मरण, सब पाप कर्म थे जले-जले॥
जिसने पूजा उसने पाया, भरी है झोली जो दर पे आया।
दिन दुःख के जाते बदल-बदल, खुशियाँ आती हैं मचल-मचल।
ये धाम बड़ा है अटल-अटल, 'मनु' भक्त जगत में फूले-फले।

हैं जब से मेरे शनिदेव

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

हैं जब से मेरे शनिदेव दिल में समाने लगे।
तमन्नाएँ जागी नींदें हैं भागी, हम गुनगुनाने लगे।
दिल में समाने लगे.....
मन मंदिर हुआ मेरा, रसना भी करे सुमिरण।
हर धड़कन शनि बोले, काया भी हुई कंचन।
रह रह के लेता हूँ सिसकी, रह रह के लेता हूँ सिसकी।
आँसू इन आँखों के ढल ढल जाने लगे।
तेरा नाम लेकर, ये पैगाम देकर, मुझको सताने लगे।
दिल में समाने लगे.....
उलझन है बढ़ जाती, बन प्राणों की घाती।
बेचैनी और सदाएँ, मिलके हैं गम खाती।
वादे पे अपने अटल हूँ, वादे पे अपने अटल हूँ।
दीदार पाने में क्यों मुझको जमाने लगे।
हो गम भी तराना मिट जाये दीवाना, तुमको ही ध्याने लगे।
दिल में समाने लगे.....
तेरे विरह की अग्नि, मेरे दिल में जलती जाती।
दिल में तो तुम रहते, क्यों तुमको ना जलाती।
हैरां हूँ इस बात से भी, हैरां हूँ इस बात से भी।
जलते हुए शोले 'मनु' दिल को जलाने लगे।
हैं साँसें भी रूकतीं, पलकें भी झुकतीं।
कदम डगमगाने लगे, दिल में समाने लगे।

ॐ

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

और इस जग में किसको पूजूँ

और इस जग में किसको पूजूँ, तू ही मेरा दातार शनि जी।
तेरी शरण में हो गया आके सपन मेरा साकार शनि जी॥

अधम की नैया को, बचा के तूफाँ से।
खिवैया बनकर के, किनारा दिखलाया।

जगत ये धोखा है, लुटेरों का घर है।
ये मैली चादर है, ये तूने समझाया, ये तूने समझाया।
जब से मुख से शनि कहा, मन हो गया है पावन।
पावन मन से बना के तेरे डालूँ गले में हार शनि जी।

भरा था पापों से, जो गट्ठर मेरा था।
करी कृपा मुझपे, वो तूने भुगताया।

छूटे साथी संगी जो मेरे अपने थे,
भ्रम थे सपने थे, ये तूने दिखलाया।

जीवन का मेरे तुम पर है भार शनि देवा, भार शनिदेवा।
भार वो तुमने उठा के मेरा, कर दिया बेड़ा पार शनि जी।
अजब पतवारी है, महिमा भारी है, कर्मफल भुगताये, भगत उद्धारी है।
भजन तेरा सबको सहारा देता है, दुख हर लेता है, दुष्ट संहारी है।
'मनु' नाम रस पीने से ही ताप हरे देवा, ताप हरे देवा।
ताप पाप से तुझको उबारे, कलियुग के अवतार शनि जी।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

चले जो शनि जी के दर

चले जो शनि जी के दर, होगा वो ही बेखबर।
तू जप ले तू जप ले, शनिदेव अगर।।

नाम लेगा शनि जो जहाँ में, होगा निर्भय वो इस आशियाँ में।
पंछियों की तरह तू उड़ेगा, पर्वतों की डगर तू चलेगा।
कर्ज तेरा उतर जाये सारा, लक्ष्य तेरा हो देवा का द्वारा।
ख्वाहिशें पूरी हो तेरे दिल की, ना हो तुझको तड़फ साहिल की।
दीन हो चाहें कोई भिखारी, ज्ञानवान हो चाहे पुजारी।
प्रेम भक्ति से उसको पुकारे, दूर हो जायेंगे दुख सारे।
मन लगा ले शनि के भजन में, साथ देंगे तेरा जीवन में।
'मनु' हो जायेगा जो दीवाना, फिर सदा गायेगा तू तराना।।

सिद्धिप्रदा भगवती त्वरिता

ध्यानादि स्मरण पूर्वक 37,000 जप करने से सिद्धि भगवती स्वयं दर्शन देकर विहिताविहित सभी कार्य सिद्ध करती हैं। यह गुप्त विद्या परमसौभाग्यप्रदा, सर्वदोष निवारक, भूत ग्रह, शुत्र आदि नष्ट करती है।

ॐ अस्य श्री त्वरिता मंत्रस्य सद्योजात ऋषि त्रिष्टुप छन्द त्वरितेश्वरी देवता त्वं बीजं भं शक्ति श्री त्वरिता भगवती प्रीत्यर्थे पाठे जपे विनियोग।

भामित्यादि करन्यास

मंत्र– ॐ हसतु सरटु करटु करापयिटुटभिमयस्त्वलुट्ट्द्य-
मुमुकधरभसं विपटु हान पिटथ स्वाहा।

ध्यान– पिच्छामंडित कुंडलांत विलसच्छीतांशुलेखां पराम्।
गुंजाहार विभूषणां कुचभरक्लान्तां प्रवालांबराम्।।
वन्दे तां खचरेश्वरप्रियतमां बाणालसत्कार्मुकाम्।
नित्यानंदमयीं प्रसन्नवदनां नीलोत्पलश्यामलाम्।।

मन भजे दिन रैन

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

मन भजे दिन रैन, शनि जय शनि जय
शनि जय जय जय जय।
इससे मिले मुझको चैन, शनि जय शनि जय
शनि जय जय जय जय॥

पल पल छिन छिन, भज के तेरा नाम मुझे मालूम हुआ।
कितना खोया मैंने जीवन, अब तक क्यों महरूम रहा।
तू मेरा था सदा, क्यों रहा मैं जुदा।
अब बोले ये रसना शनि जय जय जय॥

ना जानूँ मैं कौन-सा पुण्य इतने दिनों के बाद मिला।
जग उपवन में डोल रहा था, डगर सत्य की पे ना चला।
तेरे धाम आ गया, सत्य पथ पा गया।
सदा आनन्द मनाऊँ शनि जय जय जय॥

श्रद्धा से शनि जय का जप मैं, जीवन में करता रहूँ।
पुण्य सदा इस तन से होवे, पापों से डरता रहूँ।
मस्ती में तेरी, आदत हो मेरी,
'मनु' स्वाँसों पे गाऊँ शनि जय जय जय॥

तिल उड़द लौह तेल चढ़ाऊँ, मन रंजन गाथा तब गाऊँ।
बुद्धि मन प्राणों से सेवा, करूँ सदैव नियम से देवा।
जोरी जुगल कर शनि मनाऊँ, विकरम सम किरपा पा जाऊँ।
हो अति प्रसन्न कष्ट मिटाओ, किरपा भक्तों पर बरसाओ।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनिदेव तुम्हारी जय

शनिदेव तुम्हारी जय होवे, हे देव तुम्हारी जय होवे।
तुम पल भर में भर देते हो, प्रभु खाली झोली भक्तों की।
हो रोज दीवाली भक्तों की, निर्मल हो सुख निदियाँ सोवे।
महापातक और पापकर्म, प्रभु देवें मिटा केवल क्षण में।
रहे राग प्रेम तन और मन में, लालच की रोटी ना पोवें॥
चल सत्य कर्म की डगर सदा, हो निर्भय ना रह खौफजदा।
तू कर नर तन का हक अदा, कर शनि भजन तेरा दुख धोवे॥
जो आ जाये दरबार तेरे, 'मनु' भर जाये भण्डार उसके।
करे तुझको सुखी सरकार शनि, फिर पाना हो कुछ ना खोवे॥

ब्रह्मा ऋषि तारागण डोले सभी वन वन।
दृष्टि जब भी श्री शनिदेव ने उठाई है।
पर्वत को तृण कर तृणहु को पर्वत।
करत राजा को रंक, सकल बिकाई है।
अभिमानियों का मान चूर हुआ पल-पल।
भगतन को प्रभु जी सदा ही सहाई है।
जब धारे राशि पर पग शनिदेव प्रभु।
अंग भंग भए 'मनु' मृत्यु तक आई है॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनिदेव मेरे शनिदेव

शनिदेव मेरे शनिदेव मेरे।
मैंने दर पे तेरे डेरा डाला, मुझे शरण में ले लो।
हे रवि के लाला।।

सन्त सभा देखी मैंने नाम तेरा गाती।
तेरा नाम ही था उनको जीवन की थाती।
मिलकर के सारे साथी प्रिये प्रेम की हाला।।

दौड़ते जाते भक्त तेरे परिक्रमा की छोर।
ॐ शं शनैश्चराय नमः गाते सभी किशोर।
हो सन्ध्या चाहे भोर दिखता है उजाला।।

कृष्ण कुंड और राधा कुंड के सभी दीवाने।
प्रेम अग्न में घूम रहे बनकर परवाने।
तेरी मस्ती के मस्तानों का तूने संकट टाला।।

कृष्ण वरन और नील वरन शनिदेव।
कालाग्नि स्वरूप दाता, तुम्हें नमस्कार है।।
दुर्भिक्ष कारक प्रभु अति रुद्र रूप तेरा।
मन्दगते सूर्यसुत, तुम्हें नमस्कार है।।
अग्नि समान शनि, योग में मग्न भए।
पल माँही प्रलय करें, तुम्हें नमस्कार है।।
स्थूल बाल वाले शनि, भैंसे पे सवार भए।
दण्डवत 'मनु' करे, तुम्हें नमस्कार है।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

काला है काला होये

काला है काला होये काला देव निराला।
जग का भला करें, भक्तों का भय हर डाला।।
जग का भला करें।।
गौर वर्ण हैं पिता तेरे और माता छाया काली।
काले तेरे चेहरे पर लट लटकी घुँघर वाली।
तुझको प्यारी लगती काली रात बड़ी मतवाली।
मैं पूजूँ काले को, रवि के लाले को।
भगतों के करे उजाला, जग का भला करें।
भक्त बने जिनके शनिदेव वो हैं काले कन्हैया।
काली दह पर कालिया के बने जो नाथ नथैया।
क्यों कर ना लूँ उस काले की बार-बार मैं बलईयाँ।
मैं पूजूँ काले को, रवि के लाले को।
जो लेकर कर में भाला, जग का भला करें।
उजले मन के रंग के काले, पूजे जो शनिदेवा।
जाति-पाति का भेद न जाने संकट के हर लेवा।
घर भर देते हैं उसका ही जो करते हैं सेवा।
मैं पूजूँ काले को, रवि के लाले को।
'मनु' पिला प्रेम की हाला, जग का भला करें।

शनि देव दरबार से, खाली जाय न कोय।
झोली भर दें सुख सभी, जो भगतन के होय।
शनि की कृपा का कभी, नहीं होता है अंत।
भजन करो शनिदेव का, मिल नर नारी संत।।

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

चल रे मेरे सजना

चल रे मेरे सजना शनिदेव के दरबार में।
शनिदेव के दर पे सैंया भीड़ लगी है भारी।
माँगे मनौती दर पे जाके दुखी हैं जो नर-नारी।
मंशा पूरण करते थणु गण सहस्त्र बाण के धारी।
सबक सिखाते उन दुष्टों को जो हैं अत्याचारी, जो हैं अत्याचारी।
फिर मैं क्या करूँ।।

सूरज कुंड में मैं भी नहाऊँ, मन का मैल छुड़ाऊँ।
प्यारी छवि श्री शनिदेव की, हृदय उसे बसाऊँ।
तेरी कसम मैं मेरे सैंया और ना कुछ भी चाहूँ।
इतना पाके मग्न प्रेम में नाचूँ तुझे नचाऊँ।।
फिर मैं क्या करूँ।।

दीन बन्धु हैं नाथ शनि जी कलियुग के उद्धारी।
बैठे संग बनखण्डी बाबा महापुरुष अवतारी।
रास रचाने कोकिलावन में आ गये कृष्ण मुरारी।
आ पहुँची सखियों के संग में श्री राधिका प्यारी।।
फिर मैं क्या करूँ।।

तेरी इस प्यारी जिद से हाँ गौरी मैं तो हारा।
शनिदेव का नाम जपूँगा मन में मैंने धारा।
दर्शन करने कोकिलावन ले चलूँगा तुझको तारा।
दिल में 'मनु' शनिदेव बसे अब समझा तेरा इशारा।।
चल मैं भी चलूँ।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

तरसूँ शनि तोरे दर्शन को

तरसूँ शनि तोरे दर्शन को।
प्यासी भू जो नभ के घन को॥
मनवा रोवे पल पल मेरा।
लाड़ली ज्यों ससुराल चलन को॥
भटकत भटकत चैन न पाऊँ।
नापूँ पग से बन उपवन को॥
रैन दिवस में नाहीं अन्तर।
जुग बीते मोहे हरसन को॥
ढह गया काजर अखियाँ कोरी।
अश्रु नहीं आवे बरसन को॥
'मनु' किए सब खोटे करमा।
नाव नहीं भव पार करन को॥

शनि मुख लखूँ दिवस अरू राति।
कोई नहीं तुम बिन या जग में दाता मेरा साथी।
शनि मुख लखूँ दिवस अरू राति॥
नेह निभावे जग के बन्दे। रख लालच की पाती।
तुम दीपक मैं बाती देवा। नाम तेल तेरा खाती।
खोई उमरिया माया मौज में। अब तक फिरूँ पछताती।
सेवा समर्पण चरण में तोरे। बनूँ शनिधाम की बराती।
हुआ अनोखा प्रेम नाम ते। नाम प्राण अरू थाती॥

शनिदेव मैं शरण तुम्हारी

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनिदेव मैं शरण तुम्हारी, बेड़ा पार करो उद्धारी।
सकल जगत है माया फंदा, गल फाँस छुड़ाओ विरद विचारी।
काम क्रोध मद लोभ सतावे, मार गिराओ बारी बारी।
बहु-कष्ट तन उपर छाए, इन्हें भगाओ बन उपकारी।
श्वाँस-श्वाँस तेरा गुण गाऊँ, 'मनु' कहाऊँ नाम प्रचारी।

चढ़ गई नाम खुमारी साधो, चढ़ गई नाम खुमारी रे।
बीच बजरिया शब्द सुने ना, खो गई मति हमारी रे।
जिभ्या गावे शनि शनि बस, हँसती दुनिया सारी रे।
का सो प्रेम किया रे भाई, नख सिख काया कारी रे।
सभी जनन को दुख पहुँचावे, बारह राशि भारी रे।
कलियुग माँही डंका बाजे, भए कलि अधिकारी रे।
कहाँ गया भय तुम्हरे चित्त से, रह गयो निपट अनारी रे।

रस्ता पाप को जो ले, तेरी दाल ना गले।
तेरी दाल ना गले, तेरी एक ना चले।
पाप पुण्य की ना जुगती भाई, लम्बी सही पुण्य की राही।
पलड़ा जिसका भारी भैया, मिलती वैसी कर्म कमाई।
पुण्य कहलाते भले॥
पीछे संचय पाप किए थे, अशिश कम थे शाप लिये थे।
रोते-रोते जिसको भोगे, दोष सभी किस्मत को दिए थे।
नैया डगमग होय हिले॥
शनि शरण में आ जा भाई, हो जावे तेरी मनचाही।
पुण्य होये उजागर तेरे, लूटे जग में रह वाहवाही।
न्याय कर्म का करें इकले॥

नर तन पाया जतन कर

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

नर तन पाया जतन कर, ऐसे जिससे तुझे भगवान मिलें।
ऐसी उत्तम योनि प्राणी, बुद्धि ज्ञान का भान मिले।।
या तो करम तू कर ले निराले, नेह राह चल पुण्य कमा ले।
हर शै में वो है करूणाकर, हर शै में ही वो जलवागर।
हो जा प्रेम दीवाना तू उसका, प्रेमी दया निधान मिले।।
काम क्रोध अज्ञान लोभ मद, मिलने ना दे ये मुक्ति पद।
ये माला का जाल निराला, ये विष प्याला हलाहल वाला।
श्वाँस रत्न को साध ले भाई, इस तन के दरम्यान मिले।।
यज्ञ जप तप साधन ये सारे, लेकर जाते हरि के द्वारे।
पतन नहीं उद्धार यही है, वेद पुराण का सार यही है।
'मनु' घट में आनन्द समाये, मन रंजन निर्माण मिले।।

ॐ

रोम रोम मेरा शनिदेव का भजन करे।
ऐसा वरदान मोहे दीजै हनुमान जी।।
काम क्रोध मद लोभ दूर से नमन करें।
ऐसा कल्याण मेरा कीजै हनुमान जी।।
मन क्रम वचन से रूह ये तपन करे।
ऐसा ज्ञान दान मोहे दीजो हनुमान जी।।
तज संसार चित्त शनि चिंतन करे।
ऐसा अवसान मेरा कीजै हनुमान जी।।

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

सुबह दोपहरी शाम

सुबह दोपहरी शाम। मुख से लूँ शनि नाम शनि नाम।।
सीताराम राधेश्याम सीताराम। मुख से लूँ तेरा नाम तेरा नाम।।

करूँ ऐसी कशिश पैदा, तड़फ हो जाये जो मुझको।
बहाना ना चले तेरा, दीदार हो जाये मुझको।
शनि नाम शनि नाम शनि नाम।।

बन फैय्याज करता राज मेरे दिल में मेरे हरदम।
ना कोई रंज सीने में, ना कोई पास रहा गम।
शनि नाम शनि नाम शनि नाम।।

हजार दिल में रहा तू ना किसी दिल में ऐसी मौज थी।
लाख गम में भी रहूँ खुश 'मनु' ये मेरी खोज थी।
शनि नाम शनि नाम शनि नाम।।

जब आता नहीं कुछ करना, तो अब क्या करना।
जब मरने तूने नहीं दिया, तो अब मरना क्या।।
ये तो गनीमत है तेरे नाम से रोशन है जहाँ।
जिऊँ उस रोशनी हर तौर, भव पार तरना क्या।।

खबर क्यों न लेंगे शनिदेव

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

खबर क्यों न लेंगे शनिदेव अब हमारी।
उन्हीं के लिए सारी दुनिया बिसारी।।

मैं सागर की धारा हूँ, वो है किनारा।
मिलता है चैन मुझको पाके सहारा।
चरणों के उनके हम भी होंगे निसारी।।

मैं चातक हूँ घन वो बारिश भरे हैं।
बरखा सदा सुख की वो करे हैं।
उन्हीं की दया से प्यास मिटेगी हमारी।।

पातकी हूँ मैं शनिदेव गंगा।
डुबकी लगा के अब होना है चंगा।
उजड़ा चमन मेरा होगा गुलजारी।।

माता-पिता हो तुम्हीं और हो सहोदर।
तुम ही हो प्राण मेरे तुम ही हो दिलबर।
ब्रह्मा शिवा और विष्णु तुम ही मुरारी।।

अब मुझमें ना बाकी किसी तौर कसर है।
ए मेरे दाता ये सब मेरे ख्याल का असर है।
होकर के फना तुझमें अस्तित्व मिटे मेरा।
तुझमें ही गुजर है मेरी, तुझमें ही बसर है।।

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

इस कदर शनैश्चर

इस कदर शनैश्चर मुझ पर कृपा करो।
भवसागर में नैया को किनारा मिले।।
छोड़ जग के सभी काज आया हूँ मैं।
तेरे चरणों का मुझको सहारा मिले।।
सुन सुयश जग में दाता धाम आ गया।
तेरे हाथों में दामन हमारा मिले।।
देना मुझको वो साधन हे दीनों के दिल।
जिसके होने से तुम में घर हमारा मिले।।
मुक्ति बहुतों को तुमने दिलाई चलो।
जन्म सेवा को तेरी दोबारा मिले।।

जब ढूँढ़ने लगा तो कोई फर्क ना पाया।
तू दीवाना है काले श्याम का मुझ पर काले का सरमाया।
तू दीनों का है दाता, मैं दीनों का जाया।
हाँ ये मेरे गुनाहों का वजूद है सारा।
जिसके कारण तू जमाने में न्यायकारी कहलाया।।

करते मंगल कामना, साधक तेरे द्वार।
भर झोली ले जाते हैं, मिलकर के नर नार।।
दास भावना मन रखे, सेव करे दिन रात।
सब साधन जग में मिले, मिले शनी का साथ।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

धार लेवे मन में शनि

धार लेवे मन में शनि, सुमिरे आठों याम।
शत्रु पर विजय पाये वो, पूर्ण हो सब काम॥
पूर्ण हो सब काम, मोक्ष भी मिल जाता है।
जब यह हृदय केवल, शनि शनि शनि गाता है॥
कर्म जग के करता ना छोड़े नाम जपन को।
भौंरे की गुंजार गुंजाए, ज्यों पुहुपन को॥
दे तज माया जाल, किए जा जय जय जयकार।
मुक्ति ज्ञान मिल जाए 'मनु', शनि ले मन में धार॥

जय जय श्री शनिदेव, प्रभु घट कीजौ प्रकाश।
गुण गाऊँ तेरे सदा, मिटे जन्म की त्राश॥
मिटे जन्म की त्राश, जय जय शनिदेव बोलो।
नाम शक्ति को जगत मुदित माया से तोलो॥
जीवन होय सफल जय शनिदेव रटन से।
तर गये कितने 'मनु' पापी शनि शनि जपन से॥
मुमक्ष मिल जाये मोक्ष, भयभीत होये निरभय।
जब जिभ्या से बोला, जय शनि जय शनि शनि जय॥

पल पल देऊँ दिलासा

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

पल पल देऊँ दिलासा हिय को। पल पल देऊँ दिलासा।
उम्र गुजारी सोवत सोवत। जागे जब हुए पचासा।
मन काला ज्यों रजनी कारी। काम क्रोध का निवासा।
संत वचन तब प्यारे लागे। हो गयो पूरन नासा।
आया दुख पा शनि शरण में। बन दासन को दासा।
फिर भी चित्त चंचल माया में। क्यों कर हो प्रकाशा।
देव बड़े तुम सब देवन ते। करो पूरण अभिलाषा।
पूजा जप तप नेम न जानूँ। चरण तेरे की आशा॥

शनिदेव मैं सिमरूँ तोहे, भव से पार उतारो मोहे।
रोम रोम शनिदेव समाये, मिटे कभी ना मल मल धोए।
नैन गिराए नीर घनेरे, सकल सुशोभित वस्त्र भिगोए।
मन भौंरा तोरे कमल नयन से, कृपा रस किंह भाँति चुरोए।
'मनु' का चित्त किया है चोरी, तेरे चरणों में रहूँ छुपोए।

कृष्णा गऊँ प्रिय शनि देवा, कोकिल वन में करते सेवा।
तिल तेल अरू शनिअमावस, नाम प्रिय अति हैं शनि को दस।
शनी ग्रह के तुम हो स्वामी, जय शनिदेवा अन्तरयामी।
पावें कृपा सुमार्ग गामी, पार उतारे कलि के कामी।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

दर्शन पा ले शनि का

दर्शन पा ले शनि का दर्शन पा ले।
कर ले तू सपने साकार प्यारे।
आ आ भी जा शनि द्वार प्यारे॥

झूठ पाप कपट से तुमने जीवन को बर्बाद किया है।
सुख खो डाला अपना सारा, भर तुमने अवसाद लिया है।
बोझ गमों का ले उतार प्यारे॥

संचय कर्मों के फल को भी, भुगत रहा है तू भाई।
साढ़े साती ढैय्या से तुझपे, भारी आफत है आई।
मन में शनि को ले धार प्यारे॥

वेदन ध्वनि हृदय गूँजे, पल-पल जीवन कलपावें।
शनि नाम औषध है भाई, तेरे हृदय घाव भरावे॥
कर लेंगे तुझको स्वीकार प्यारे॥

लालच मन के त्याग दे भाई, शनि शरण जो आते हैं।
नहला के देवा को तेल में, कृपा उनकी पाते हैं।
'मनु' कर देवें उद्धार प्यारे॥

तिल अन्न दान तिल जो करते, शनि संतुष्ट हो संकट हरते।
पीर तेल तिल दीपक हरता, तुष्टि शनी सम्मुख जबजरता।
ओमकार भज शिव को ध्यावे, शनि प्रसन्नता नर वह पावे।
मूर्ति मंदिर शनि प्रकाशा, पीपल ऊपर करें निवासा।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

चलो संग मेरे हे

चलो संग मेरे हे प्यारी सखी।
जपो संग मेरे शनि जय शनि॥
कदम से कदम संग में मेरे मिला।
चले जा मिटा दे तू ये फासला॥
पहुँचे जो जल्दी हम वन कोकिला।
जिन्होंने जपे उनकी बिगड़ी बनी॥
परिक्रमा करती तू शनि को सुमर।
नहा ले पहुँचकर रवि कुंड पर॥
दे देंगे दाता तुझे लाखों वर।
तुझसे बड़ा ना हो कोई धनी॥
दीदार पाले तू मंदिर में चल।
चढ़ा तेल जीवन को कर ले सफल॥
वादे पे मेरे तू हो आ अटल।
पूरी तमन्ना हो तेरी जनी॥
दिल में तेरे होगा उनका जो घर।
लक्ष्य तेरा होगा शनि जी का डर।
देवें तुझे प्यारी मुक्ति का वर।
शनि नाम रस में 'मनु' रसना सनी॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

इन आँखों में बसाया

इन आँखों में बसाया तुमको।
बंद पलके की कैद कर डाला।
जलवा नुमायी तेरी मिल जाये उनको।
जो पी जायें तेरी दीदार-ए-हाला।
नैनों में तुझे कैद कर मैं पलके बंद कर लूँ।
कलियुग में दाता मेरा तुझसा नहीं है साथी।
रसना तुझे पुकारे हो भोर चाहे राती।
हो सामने तू मेरे शनि बातें चंद कर लूँ।
स्वभाव से हो योगी पर ईश हो निराले।
हे श्याम रंग वाले करते सदा उजाले।
उल्फत में तेरी जोश से बाँहों में तुझे भर लूँ।
करुणानिधान है तू हे नील वस्त्रधारी।
तेरी पुकार सुनकर चले आए थे मुरारी।
शनि धाम है निराला इस धाम में विचर लूँ।
दो०- दरस दिखाने साँवरे, आये कोकिला धाम।
छवि बसाकर नैन में, किया शनि ने प्रणाम।
श्रृंगार 'मनु' मेरा है प्रेम धन हमारा।
मिल जाये प्रेम तेरा हो जायेगा गुजारा।
मेरा आइना तुम्हीं हो, तुम्हें देख के सँवर लूँ।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

करूँ खिदमत शनि

करूँ खिदमत शनि सदा तेरी। ऐसी तकदीर अब बना मेरी॥
ना ही मोहताज कर जमाने का, लेती दुनियाँ मजा फसाने का।
जुबाँ पे मेरी हो तराना तेरा, तेरी रजा में हो रजा मेरी॥
मैं तो जाहिल हूँ मलाल इसका है, तू बता मुझे ख्याल किसका है।
तड़पूँ दिन रात सूरते माँही। इससे बढ़ के है क्या सजा मेरी॥
ना हूँ होशियार ना सोहबत वैसी, ना ही मीरा ना मोहब्बत वैसी।
तेरे दर पे सदा जबीसां हूँ। है कयामत से ये अदा मेरी॥
जमीं पे हर तरफ हैं पत्थर काले, तुख्में उल्फत दिल में बो डाले।
हर घड़ी मेरी मौज में गुजरे। जिन्दगी हो 'मनु' जुदा मेरी॥

अब राखो मेरी लाज शनि

अब राखो मेरी लाज शनि।
दीनहीन अति मलिन कुमति मैं तुम दातार धनी।
जा दृष्टि से दुष्ट संहारे, भक्तों पे क्यों तनी।
बिगड़ी बनाते जो दर आते, मेरी क्यों ना बनी।
तुम दाता माता-पितु सजना, मैं प्रेमी भक्त सजनी।
सबकी व्यथा उन मुख सुन ले ओ, मेरी कहे रजनी।
जग में रहते जग के होकर, ज्यों हीरे की कणी।
हृदय विराजे एक सिंहासन उस पर आप शनि॥

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शनि आरती

आरती शनि बलकारी की कीजै, श्री नीलाम्बर धारी की कीजै।
मुक्तन माला जाके गल सोहे, शीश मुकुट सब जन मन मोहे।।
वलय कंकण शोभित प्रभु तोहे, जयति जय दुःख परिहारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....
एक कर गदा, एक कर भाला, नववाहन है एक एक आला।
तिस पर रंग प्रभु जी काला, अधोदृष्ट असुरारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....
विक्रम राजा अति ही दुःख पाया, तेली के घर कोल्हू चलाया।
स्वपन में दर्शन प्रभु दिखलाया, करमन फल दातारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....
ना भेदूँ रोहिणी ये माना, अवधपति को दिया वरदाना।
करवाया जग में सम्माना, दशरथ नृप भयहारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....
शिंगणापुर में वास है तेरा, जग में बड़ा इतिहास है तेरा।
लगता मेला खास है तेरा, कलियुग के पतवारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....
ब्रज पहुँचे रवि छाया जाये, दरश श्याम का ना कर पाये।
कोकिलावन में जाय पधराय, कृष्ण छवि बलिहारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....
'मनु' गुण तेरे सदा ही गाऊँ, शीश चरण से तेरे लगाऊँ।
हर पल दाता तुम्हें ही ध्याऊँ, भगत लज्जा रखवारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....
सब संकट के टारी की कीजै, अपा काल रखवारी की कीजै।
दुष्टन पे भए भारी की कीजै, भक्तन पे दिल वारी की कीजै।।
श्री नीलाम्बर धारी की कीजै.....

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy



श्री शनिदेवजी की आरती

जय जय श्री शनिदेव, भक्तन हितकारी।
सूरज के पुत्र प्रभु, छाया महतारी। जय.....
श्याम अंक, वक्र दृष्टि, चतुर्भुज धारी।
नीलाम्बर धार नाथ गज की असवारी। जय.....
क्रीट मुकुट शीश सजत दिपत है लिलारी।
मुक्तन की माल गले शोभित बलिहारी। जय.....
मोदक मिष्ठान पान चढ़त है सुपारी।
लोहा तिल तेल उड़द महिषी अति प्यारी। जय.....
देव दनुज ऋषि मुनी सुरत नर नारी।
विश्वनाथ धरत ध्यान शरण है तुम्हारी। जय.....

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

श्री हनुमान जी की आरती

आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्टदलन रघुनाथ कला की ।।
जाके बल से गिरिवर काँपे। रोग-दोष जाके निकट न झाँके।।
अंजनि पुत्र महा बलदाई। संतन के प्रभु सदा सहाई ।।
दे बीरा रघुनाथ पठाये। लंका जारि सिया सुधि लाये ।।
लंका सो कोटि समुद्र-सी खाई। जात पवनसुत बार न लाई ।।
लंका जारि असुर संहारे। सीया रामजी के काज सँवारे ।।
लक्ष्मण मूर्छित पड़े सकारे। आनि संजीवन प्राण उबारे ।।
पैठि पाताल तोरि जम कारे। अहिरावन की भुजा उखारे ।।
बाईं भुजा असुर संहारे। दाई भुजा सब सन्त उबारे ।।
सुर-नर-मुनि-जन आरती उतारे। जय जय जय हनुमान उचारे ।।
कंचन थार कपूर लौ छाई। आरती करत अंजना माई ।।
जो हनुमानजी की आरती गावै। बसि बैकुंठ परम पद पावै ।।
लंका विध्वंस कीन्ह रघुराई। तुलसीदास स्वामी कीरति गाई ।।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की ।।

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

आरती श्रीकुंजबिहारी की

आरती कुंजबिहारी की, श्रीगिरधर कृष्णमुरारी की॥
गले में बैजंतीमाला, बजावै मुरलि मधुर बाला।
श्रवन में कुण्डल झलकाला, नंद के आनँद नँदलाला।
नंद के नंद मोहन ब्रज चन्द, धर्मानन्द राधीका रमन बिहारी की॥
।।श्रीगिरधर कृष्णमुरारी की।।
गगन सम अंग कांति काली, राधिका चमक रही आली,
लतन में ठाढ़े बनमाली,
भ्रमर-सी अलक, कस्तूरी-तिलक, चंद्र-सी झलक,
ललित छबि स्यामा प्यारी की ।।श्रीगिरधर कृष्णमुरारी की।।
कनकमय मोर-मुकुट बिलसै, देवता दरसन कों तरसै,
गगन सों सुमन रासि बरसै,
बजे मुरचंग, मधुर मिरदंग, ग्वालिनी संग,
अतुल रति गोपकुमारी की।।श्रीगिरधर कृष्णमुरारी की।।
जहाँ ते प्रगट भई गंगा, सकल-मल-हारिणि श्रीगंगा,
स्मरन ते होत मोह-भंगा,
बसी सिव सीस, जटाके बीच, हरै अघ कीच,
चरन छबि श्रीबनवारी की।।श्रीगिरधर कृष्णमुरारी की।।
चमकती उज्ज्वल तट रेनू, बज रही बृन्दाबन बेनू,
चहूँ दिसि गोपि ग्वाल धेनू,
हँसत मृदु मंद, चाँदनी चंद, कटत भव-फंद,
टेर सुनु दीन दुखारी की।।श्रीगिरधर कृष्णमुरारी की।।

आरती श्रीलक्ष्मीजी की

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

ॐ जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता ।
तुमको निसिदिन सेवत, हर विष्णु धाता ।। ॐ जय०
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तुम ही जग-माता ।
सूर्य–चन्द्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता ।। ॐ जय०
दुर्गा रूप निरंजनि, सुख-सम्पत्ति-दाता ।
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि-सिद्धि-धन पाता ।। ॐ जय०
तुम पाताल-निवासिनी, तुम ही शुभ दाता ।
कर्म प्रभाव प्रकाशिनि, भवनिधि की त्राता ।। ॐ जय०
जिस घर में तुम रहतीं, तहँ सब सद्‌गुण आता ।
सब सम्भव हो जाता, मन नहीं घबराता ।। ॐ जय०
तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न हो पाता ।
खान-पान का वैभव, सब तुमसे आता ।। ॐ जय०
शुभ-गुण-मन्दिर सुन्दर, क्षीरोदधि-जाता ।
रतन चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता ।। ॐ जय०
महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई जन गाता ।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता ।। ॐ जय०
ॐ जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता ।



In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

आरती श्री जगदीश हरे की

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे।
भक्तजनों के संकट, क्षण में दूर करे॥ ॐ जय।
जो ध्यावै फल पावै, दुःख विनशे मन का। स्वामी।
सुख सम्पत्ति घर आवै, कष्ट मिटे मन का॥ ॐ जय।
मात-पिता तुम मेरे, शरण गहूँ किसकी। स्वामी।
तुम बिन और न दूजा, आस करूँ जिसकी॥ ॐ जय।
तुम पूर्ण परमात्मा, तुम अंतर्यामी। स्वामी।
पारब्रह्म परमेश्वर, तुम सबके स्वामी॥ ॐ जय।
तुम करूणा के सागर, तुम पालन कर्त्ता। स्वामी।
मैं मूरख खल कामी, कृपा करो भर्ता॥ ॐ जय।
तुम हो एक अगोचर सबके प्राणपति। स्वामी।
किस विधि मिलूँ दयामय, तुमको मैं कुमति॥ ॐ जय।
दीन बन्धु दुःख हर्ता, तुम ठाकुर मेरे। स्वामी।
अपने हाथ उठाओ, द्वार पड़ा तेरे॥ ॐ जय।
विषय विकार मिटाओ, पाप हरो देवा। स्वामी।
श्रद्धा भक्ति बढ़ाओ, संतन की सेवा॥ ॐ जय।
तन, मन, धन सब कुछ है तेरा। स्वामी।
तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा॥ ॐ जय।
प्रभु जी की आरती जो कोई नित गावे। स्वामी।
कहत शिवानन्द स्वामी मनवाञ्छित फल पावे॥ ॐ जय।

आरती भगवान शंकर की

In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

जय शिव ओंकारा, प्रभु शिव ओंकारा।
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, अर्द्धंगी धारा। ॐ हर हर महादेव
एकानन चतुरानन पंचानन राजे।
हंसासन गरूड़ासन वृषवाहन साजे। ॐ हर हर महादेव
दोय भुज चारु चतुर्भुज, दशभुज ते सोहे।
तीनों रूप निरखते, त्रिभुवन जन मोहे। ॐ हर हर महादेव
अक्षमाला बनमाला रूण्डमाला धारी।
त्रिपुरारी कंसारी, करमाला धारी। ॐ हर हर महादेव
श्वेताम्बर पीताम्बर, बाघाम्बर अंगे।
शनकादिक गरूड़ादिक, भूतादिक संगे। ॐ हर हर महादेव
कर मध्य सुकमण्डल, चक्र त्रिशूल धारी।
सुखकारी, दुखहारी जग पालन कारी। ॐ हर हर महादेव
ब्रह्मा विष्णु सदाशिव, जानत अविवेका।
प्रणवाक्षर में शोभित, ये तीनों एका। ॐ हर हर महादेव
त्रिगुण स्वामी की आरती, जो कोई जन गावै।
कहत शिवानंद स्वामी, मनवांछित फल पावै। ॐ हर हर महादेव

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

आरती श्रीअम्बाजी की

जय अम्बे गौरी, मैया जय श्यामा गौरी।
तुमको निशिदिन ध्यावत, हरि ब्रह्मा शिवजी ।। जय अम्बे...
मांग सिंदूर विराजत, टीको मृगमद को।
उज्ज्वल से दोउ नयना, चन्द्र वदन नीको ।। जय अम्बे...
कनक समान कलेवर रक्ताम्बर राजे।
रक्त पुष्प गल माला, कण्ठन पर साजे ।। जय अम्बे...

In Public domain. Digitized by Muthulakshmi Research Academy

केहरि वाहन राजत, खड्ग खप्पर धारी ।
सुर-नर-मुनि-जन सेवत, तिनके दुख हारी ।। जय अम्बे...
कानन कुण्डल शोभित, नासाग्रे मोती ।
कोटिक चन्द्र दिवाकर, सम राजत ज्योति ।। जय अम्बे...
शुम्भ-निशुम्भ विदारे, महिषासुर घाती ।
धूम्र-विलोचन नयना, निशिदिन मदमाती ।। जय अम्बे...
चण्ड-मुण्ड संहारे, शोणित बीज हरे ।
मधु कैटभ दोउ मारे, सुर भयहीन करे ।। जय अम्बे...
ब्रह्माणी, रुद्राणी, तुम कमला रानी ।
आगम-निगम बखानी, तुम शिव पटरानी ।। जय अम्बे...
चौंसठ योगिनि गावत, नृत्य करत भैरूँ ।
बाजत ताल मृदंगा, और बाजत डमरूँ ।। जय अम्बे...
तुम ही जग की माता, तुम ही हो भरता ।
भक्तन की दुख हरता, सुख सम्पत्ति करता ।। जय अम्बे...
भुजा चार अति शोभित, वर-मुद्रा धारी ।
मनवांछित फल पावत, सेवत नर-नारी ।। जय अम्बे...
कंचन थाल विराजत, अगर कपुर बाती ।
श्रीमालकेतु में राजत, कोटि रतन ज्योती ।। जय अम्बे...
माँ अम्बेजी की आरती, जो कोइ नर गावै ।
कहत शिवानन्द स्वामी, सुख-सम्पत्ति पावै ।। जय अम्बे...

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

आरती भगवान परशुराम की

आरती परशुधारी की कीजै, परशुराम अवतारी की कीजै।
करूणा सागर जग विख्याता, परसा धनु कर राखे दाता,
भृगुनन्दन की रेणुका माता। तन मृगछाला भारी की कीजै। आरती.....

दीर्घ जटाएँ श्याम सुखकारी, माल रूद्राक्ष राम गलडारी,
चरण खड़ाऊँ अल्प आहारी, श्वेत अश्व असवारी की कीजै। आरती.....

ब्राह्मण रक्षा हेतू आये, ब्रह्म अवतार प्रभु कहलाये,
शक्ति शिव शंकर से पाये, आशुतोष प्रचारी की कीजै। आरती.....

चारों युग जाग्रत तुम स्वामी, सर्व साक्षी अन्तरयामी,
दुष्ट काल ब्राह्मण हित कामी, अविनाशी अविकारी की कीजै। आरती.....

महेन्द्र पर्वत वास है तेरा, यज्ञ तप का इतिहास है तेरा,
उदित वहाँ प्रकाश है तेरा, परम पुरुष उद्धारी की कीजै। आरती.....

बाद दीवाली दशमी जो आवे, रेणुका दर्शन राम जी पावे,
रेणु झील में प्रभु जी नहावे, मात चरण बलिहारी की कीजै। आरती.....

रेणुका धाम है मंदिर तेरा, लक्ष्मी विष्णु का वहाँ डेरा,
संग तेरे शिव शिवा बसेरा, परम तेज विस्तारी की कीजै। आरती.....

'मनु' पाऊँ हिरदय अस्थाना, परम दयालु राम भगवाना,
भव से उबारो दयानिधाना, जन्म मरण दुःख टारि की कीजै। आरती.....

निराकार साकारी की कीजै, दीनन के हितकारी की कीजै,
जगत प्राण संचारी की कीजै, काल पाश से निवारी की कीजै।
आरती परशुधारी की कीजै, परशुराम अवतारी की कीजै.....

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

सूर्यदेव की आरती

मिल कीजै प्रभाकर आरती मिल कीजै।
दृष्टि से जिनकी तिमिर नाश हो, प्राण जीव संचारती।
माता अदिति पितु हैं काश्यप, अरूण बने हैं सारथी।
द्विभुज आसन कमल विराजित, चक्र तर्जनी धारती।
सविता रवि दिवाकर भानू, मार्तण्डक सहस्त्रार्चि।
सुर मुनि गंधर्व नाग यक्ष संग, वंदन करे 'मनु' भारती।

चन्द्र देव की आरती

जय जय श्री चन्द्रदेव भक्तन हितकारी।
पिता अत्रि अनुसूया महतारी।।
हस्त गदा वर मुद्रा श्वेताम्बर धारी।
मुक्तन की माल गल रथ की असवारी।।
देव पितृ यक्ष भूत प्राण संचारी।
औषध बीज जल द्विज वृक्ष विस्तारी।।
पूर्णिमा दिवस मधु मिश्र आहारी।
सोमवार व्रत दान प्रसन्नता भारी।।
सुधा मन अन्न कलाधर निर्विकारी।
हृदय में निरखूँ छवि 'मनु' मैं तुम्हारी।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

मंगल देव की आरती

ओम जय भूमि नन्दन, स्वामी जय वसुधा नन्दन।
शीश झुका श्रद्धा से, भक्त करें वन्दन॥
चार भुजा अति शोभित, रक्त वर्ण प्यारा।
मेष वाहन असवारी, मोहित जग सारा॥
स्वर्ण मुकुट सिर सोहे, रक्ताम्बर धारी।
वृश्चिक मेष के स्वामी, सर्वरोग हारी॥
अभय-मुद्रा वर-मुद्रा, शूल गदा धारे।
रक्त माल गल झूले, कर कंकण डारे॥
ताम्र स्वर्ण गुड़ चन्दन, केसर कस्तूरी।
दान दीन को करते, हो मंशा पूरी॥
महावीर दुःख भंजन, मंगल सुखकारी।
भरद्वाज गौत्रो उत्पन्न, रवि मंडल चारी॥
मंगल देव की आरती, 'मनु' जो जन गावे।
ऋण मुक्ति चिर यौवन, सुख सम्पत्ति पावे॥

बुध देव की आरती

आरती कीजै श्री चन्द्र लला की, भूतल स्वामी बुद्धिकला की।
नवग्रह मण्डल आप विराजे, अर्केशान में बुध द्युति साजे।
मिथुन कन्या राशि के स्वामी, नभ के भूषण अन्तरयामी।
कनक प्रभा पीताम्बर धारी, स्वर्ण मुकुट सिर सिंह सवारी।
पन्ना धारण करे अमावस, द्विज दें वस्त्र फल घृत षटरस।
सत्य सौम्य, सुफल फलदायक, हो विपरीत दशा में सहायक।
तेरे चरण जो शीश नवावें, धूप दीप दें आरती गावें।
'मनु' प्रिय सत्य वचन सुनावें, माधव चरणों में गति पावें।

CC-0. Public Domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

आरती गुरु बृहस्पति देव जी की

आरती श्री गुरूवर की कीजै, भगतन के हितकर की कीजै।
भक्तन हिरदय आप विराजे, पात्र माल स्वर्ण दंड कर साजे।
दरस करत अवगुण सब भाजे, किरपामय सागर की कीजै।।
आरती श्री गुरूवर की कीजै.....
बृहस्पति धनु मीन के स्वामी, अंगिरा नन्दन अन्तर्यामी।
बुद्धि प्रदायक ब्रह्म पथगामी, दुखहर सुंदरवर की कीजै।।
आरती श्री गुरूवर की कीजै.....
पुरूषार्थ मार्ग दिखलावें, दोष कर्म का सभी बतलावें।
ईश्वर भक्ति में मन लावें, जगदीश्वर अनुचर की कीजै।।
आरती श्री गुरूवर की कीजै.....
सत्संग गुरू का करता पावन, देवें योग समाधि साधन।
गुरू ही जग में अधम उधारण, साईं समचर निरमर की कीजै।।
आरती श्री गुरूवर की कीजै.....
दुर्भग जीव सहायक दाता, निरबल के तुम नायक दाता।
सकल मनोरथ दायक दाता, करूणाकर दिलबर की कीजै।।
आरती श्री गुरूवर की कीजै.....
सद्चित्त आनन्द कन्द तुम्हीं हो, धरणी दिनकर चन्द तुम्हीं हो।
गायन के सब छन्द तुम्हीं हो, मनहर कविश्वर की कीजै।।
आरती श्री गुरूवर की कीजै.....
गुरू शरणागत के प्रतिपालक, भगतन के जीवन संचालक।
शरण में सतगुरू है 'मनु' बालक, अजर अमर सुखकर की कीजै।।
आरती श्री गुरूवर की कीजै.....
आरती श्री गुरूवर की कीजै, भगतन के हितकर की कीजै।

In Public Domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

बृहस्पतिदेव की आरती

ओम जय बृहस्पति देवा, स्वामी जय बृहस्पति देवा।
आरती प्रभु जी गाऊँ, नित्य करूँ सेवा॥

देव पुरोहित सुरगुरू, आनंद सुख राशी।
अज अगम्य करूणाकर, निर्मल अविनाशी॥

पात्र माल वरमुद्रा, स्वर्ण दंड धारी।
पीताम्बर तन शोभित, भव बंधन हारी॥

स्वर्ण मुकुट सिर ऊपर, भाल तिलक चन्दन।
आसन कमल विराजित, ऋषि अंगिरा नन्दन॥

पीत अश्व स्वर्णिम रथ, मीन धनू स्वामी।
वाचस्पति अति भास्वर, अम्बर पथ गामी॥

जीव बुद्धि के दाता, ग्रह अति बलशाली।
असुर विघ्न से करते, सुर मख रखवाली॥

पीत वस्त्र स्वर्ण भूमि, मधु घृत अन्न पुखराज।
वीर दिवस दे द्विज को, बिगड़े बनते काज॥

धर्मरूप धनदाता, वंश वृद्धि कर्त्ता।
तीन लोक में पूजित, कलिमल के हर्ता॥

आरती देव तुम्हारी, तीन काल गावें।
'मनु' बुद्धि ब्रह्म विद्या, यश जग में पावें॥



In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

शुक्रदेव की आरती

आरती श्री शुक्र स्वामी की, अजर अमर अन्तरयामी की।
असुर देवता करें अभिनन्दन, भार्गव कवि बली भय भञ्जन।
चतुर्भुजा श्वेताम्बर धारी, मान्य कलाधर नभ सञ्चारी।
तुला वृषभ राशि के नायक, सन्तति मुक्ति विद्या नय दायक।
अक्षमाल कर दंड सुशोभित, श्वेत कमल आसन पे विराजित।
मायातीत महाशय मनस्वी, गुरू बलि बन्धु अतिहि तपस्वी।
नीति विद्या लक्षण सम्पन्न, पालक भक्त करें गुण वर्धन।
रजत स्वर्ण अक्षत घृत चन्दन, दान दधि शक्कर दें द्विज जन।
प्रसन्न शुक्रदेव हो जावें, शुक्रवार 'मनु' आरती गावें।

जो अपने तथा पराये दोषों को गुप्त रखते हैं। गुरु, गुरु पुत्र, वन्द्य, दीक्षित, सत्यवादी, संन्यासी, योगी अथवा व्रत अनुष्ठानादि व देव पूजा करने वाले लोगों के लिए मारण, उच्चाटन, वशीकरण, स्तम्भन अथवा धन के लोभ में पड़कर वे दूषण कार्य कदापि नहीं करने चाहिएं। अन्यथा मंत्र शक्ति विपरीत फल तत्काल प्रदान करती है।

राहुदेव की आरती

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

ओम जय राहु देवा, स्वामी जय राहु देवा।
शाश्वत बली अगोचर, भक्त रक्षक देवा।
पैठीनस कुल उत्पन्न, सिंहिका महतारी।
देव जाति प्रविष्टक, कबन्ध देह न्यारी।
खड्ग शूल खेटक अरू, वर मुद्रा धारी।
सूर्य इंदु छवि नाशक, भक्तन उपकारी।
नीलाम्बर तन शोभित, छाया रूप स्वामी।
सखा शुक्र शनिदेवा, असुरेश्वर नामी।।
क्रूर घोर दक्षिणमुख, शनि वत् फल दाता।
शरणागत के पालक, सर्वापद त्राता।।
रां बीज मंत्र तेरा, प्रणव सहित जापे।
भूत प्रेत भय बाधा, उस जन से काँपे।।
नील वसन तिल उड़द, अश्व पुष्प काला।
दान से रक्षे राहु, लेकर कर भाला।।
आरती राहु देव की, 'मनु' जो जन गावें।
राहु देव शुभकारी, तुरतहि हो जावे।।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

केतुदेव की आरती

ओम जय केतु देवा, स्वामी जय केतु देवा।
भक्तन को हितकारी, धूम्र वर्ण देवा।
छाया ग्रह बलशाली, कृष्णांबर धारी।
गीध मीन पर राजित, कबन्ध छवि न्यारी।
सिर पर मुकुट विशाला, कानन में कुंडल।
जैमिनि-गौत्र सदस्य, ध्वजाकार मण्डल।
एक कर की वरमुद्रा, दूजे गदा धारे।
अजर अमर सुखकारी, ग्रह नायक प्यारे।
रक्त नेत्र दक्षिण मुख, उत्पातक भारी।
रवि इंदु द्युति नाशक, भव दुख निस्तारी।
नील पुष्प तिल काला, कंबल कस्तूरी।
शस्त्र दान से करते, सब मंशा पूरी।
सौम्य सुजन उपकारी, काम रूप स्वामी।
सखा शुक्र शनिदेवा, असुरेश्वर नामी।
कें बीज मंत्र तेरा, प्रणव सहित जापे।
भूत-प्रेत भय बाधा, उस जन से काँपे।
जो 'मनु' आरती तेरी, प्रेम सहित गावें।
केतु देव शुभकारी, तुरतहि हो जावें।



In Public domain. Digitization: Muthulakshmi Research Academy

वैदिक सूक्ति सुधा सिन्धु

ऋग्वेद के उपदेश-

1. **न स सखा यो न ददाति सख्ये।** (10/117/4)
   'वह मित्र ही क्या, जो अपने मित्र को सहायता नहीं देता।'
2. **सत्यस्य नावः सुकृतमपीपरन्॥** (9/73/1)
   'धर्मात्मा को सत्य की नाव पार लगाती है।'
3. **स्वस्ति पन्थामनु चरेम।** (5/51/15)
   'हे प्रभो! हम कल्याण-मार्ग के पथिक बनें।'
4. **अग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव।** (1/94/4)
   'परमेश्वर! हम तेरे मित्रभाव में दुःखी और विनष्ट न हों।'
5. **शुद्धाः पूता भवत यज्ञियासः।** (10/18/2)
   'शुद्ध और पवित्र बनो तथा परोपकारमय जीवन वाले हो।'
6. **सत्यमूचुर्नर एवा हि चक्रुः।** (4/33/6)
   'पुरुषों ने सत्य का ही प्रतिपादन किया है और वैसा ही आचरण किया है।'
7. **सुगा ऋतस्य पन्थाः।** (8/31/13)
   'सत्य का मार्ग सुख से गमन करने योग्य है, सरल है।'
8. **ऋतस्य पन्थां न तरन्ति दुष्कृतः।** (9/73/6)
   'सत्य के मार्ग को दुष्कर्मी पार नहीं कर पाते।'
9. **दक्षिणावन्तो अमृतं भजन्ते।** (1/125/6)
   'दानी अमरपद प्राप्त करते हैं।'
10. **समाना हृदयानि वः।** (10/191/4)
    'तुम्हारे हृदय (मन) एक-से हों।'
11. **सरस्वतीं देवयन्तो हवन्ते।** (10/17/7)
    'देवपद के अभिलाषी सरस्वती का आह्वान करते हैं।'
12. **उद्बुध्यध्वं समनसः सखायः।** (10/101/1)
    'एक विचार और एक प्रकार के ज्ञान से युक्त मित्रजनों उठो! जागो!!'

Public Domain Digitization Muthulakshmi Research Academy

13. **इच्छन्ति देवाः सुन्वन्तं न स्वप्नाय स्पृहयन्ति।** (8/2/18)
'देवता यज्ञकर्ता, पुरुषार्थी तथा भक्त को चाहते हैं, आलसी से प्रेम नहीं करते।'
14. **यच्छा नः शर्म सप्रथः।** (1/22/15)
'भगवन्! तुम हमें अनन्त अखण्डैकरसपरिपूर्ण सुखों को प्रदान करो।'
15. **सुम्नमस्मे ते अस्तु।** (1/114/10)
'हे परमात्मन्! हमारे अंदर तुम्हारा महान् (कल्याणकारी) सुख प्रकट हो।'
16. **अस्य प्रियासः सख्ये स्याम।** (4/17/9)
'हम देवताओं से प्रीतियुक्त मैत्री करें।'
17. **पुनर्ददताघ्नता जानता सं गमेमहि।** (5/51/15)
'हम दानशील पुरुष से, विश्वासघातादि न करने वाले से और विवेक-विचार- ज्ञानवान से सत्संग करते रहें।'
18. **जीवा ज्योतिरशीमहि।** (7/32/26)
'हम जीवगण प्रभु की कल्याणमयी ज्योति को प्रतिदिन प्राप्त करें।'
19. **भद्रं नो अपि वातय मनो दक्षमुत क्रतुम्।** (10/25/1)
'हे परमेश्वर! हम सबको कल्याणकारक मन, कल्याणकारक बल और कल्याणकारक कर्म प्रदान करो।'

यजुर्वेद के उपदेश

1. **तस्मिन् ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा।** (31/19)
'उस परमात्मा में ही सम्पूर्ण लोक स्थित हैं।'
2. **अस्माकꣳ सन्त्वाशिषः सत्याः।** (2/10)
'हमारी कामनाएँ सच्ची हों।'
3. **भूत्यै जागरणमभूत्यै स्वपनम्।** (30/17)
'जागना (ज्ञान) ऐश्वर्यप्रद है। सोना (आलस्य) दरिद्रता का मूल है।'
4. **सं ज्योतिषाभूम।** (2/25)
'हम ब्रह्मज्ञान से संयुक्त हों।'

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

5. **अगन्म ज्योतिरमृता अभूम।** (8/52)
'हम तुम्हारी ज्योति को प्राप्त कर मृत्यु के भय से मुक्त हों।'

6. **वैश्वानरज्योतिर्भूयासम्।** (20/23)
'मैं परमात्मा की महिमामयी ज्योति को प्राप्त करूँ।'

7. **सुमृडीको भवतु विश्ववेदाः।** (20/51)
'सर्वज्ञ प्रभु हमारे लिए सुखकारी हों।'

8. **वयं देवानां सुमतौ स्याम।** (34/37)
'हम देवताओं की कल्याणकारिणी बुद्धि को प्राप्त करें।'

9. **अप नः शोशुचदघम्।** (35/6)
'देवगण हमारे पापों को भलीभाँति नष्ट कर दें।'

10. **स्योना पृथिवि नः।** (35/21)
'हे पृथ्वी! तुम हमारे लिए सुख देने वाली हो।'

11. **इहैव रातयः सन्तु।** (38/13)
'हमें अपने ही स्थान में अनेक प्रकार के ऐश्वर्य प्राप्त हों।'

12. **ब्रह्मणस्तन्वं पाहि।** (38/19)
'हे भगवन्! तुम ब्राह्मण के शरीर का पालन (रक्षण) करो।'

सामवेद के उपदेश

1. **भद्रा उत प्रशस्तयः।** (111)
'हमें कल्याणकारिणी स्तुतियाँ प्राप्त हों।'

2. **वि रक्षो वि मृधो जहि।** (1867)
'राक्षसों और हिंसक शत्रुओं का नाश करो।'

3. **जीवा ज्योतिरशीमहि।** (259)
'हम शरीरधारी प्राणी विशिष्ट ज्योति को प्राप्त करें।'

4. **नः सन्तु सनिषन्तु नो धियः।** (555)
'हमारी देवविषयक स्तुतियाँ देवताओं को प्राप्त हों।'

5. **विश्वे देवा मम शृण्वन्तु यज्ञम्।** (611)
'सम्पूर्ण देवगण मेरे मान करने योग्य पूजन को स्वीकार करें।'

In Public domain, Digitization Muthulakshmi Research Academy

6. **अहं प्रवदिता स्याम्।** (611)
   'मैं सर्वत्र प्रगल्भता से बोलने वाला बनूँ।'
7. **यः सपर्यति तस्य प्राविता भव।** (845)
   'जो तेरी पूजा करता है, उसका तू रक्षक हो।'
8. **मनौ अधि पवमानः सजा मेधाभिः अन्तरिक्षेण यातवे ईयते।** (833)
   'मनुष्यों में शुद्ध होने वाला अपनी बुद्धि से उच्च मार्ग से जाने की कोशिश करता है।'
9. **जनाय उर्जं वरिवः कृधि।** (842)
   'लोगों में श्रेष्ठ बल पैदा करो।'
10. **पुरन्धिं जनय।** (861)
   'बहुत से उत्तम कर्म करने में समर्थ बुद्धि को उत्पन्न करो।'
11. **विचर्षणिः, अभिष्टिकृत्, इन्द्रियं हिन्वानः, ज्याय, महित्वं आनशे।** (839)
   'विशेष ज्ञानी और इष्ट की सिद्धि करने वाला अपनी शक्ति को प्रयोग में लाकर श्रेष्ठत्व प्राप्त करता है।'
12. **ऋतावृधौ ऋतस्पृशौ बृहन्तं क्रतुं ऋतेन् आशाथे।** (848)
   'सत्य बढ़ाने वाले, सत्य को स्पर्श करने वाले सत्य से ही महान् कार्य करते हैं।'
13. **यः सखा सुशेवः अद्वयुः।** (649)
   'जो उत्तम मित्र, उत्तम प्रकार से सेवा के योग्य तथा अच्छा व्यवहार करने वाला है, वह उत्तम होता है।'
14. **ईडेन्य नमस्यः तमांसि तिरः दर्शतः वृषा अग्निः सं इध्यते।** (1538)
   'जो प्रशंसनीय नमस्कार करने योग्य, अन्धकार को दूर करने वाला दर्शनीय और बलवान् है, उसका तेज बढ़ता है।'

अथर्ववेद के उपदेश

1. **स एष एक एकवृदेक एवः।** (13/5/20)
   'वह ईश्वर एक और सचमुच एक ही है।'

2. **एक एव नमस्यो विक्ष्वीड्यः।** (2/2/1)
In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy
'एक परमेश्वर ही पूजा के योग्य और प्रजाओं में स्तुत्य है।'

3. **तमेव विद्वान् न बिभाय मृत्योः।** (10/8/44)
'उस आत्मा को ही जान लेने पर मनुष्य मृत्यु से नहीं डरता।'

4. **रमन्तां पुण्या लक्ष्मीर्याः पापीस्ता अनीनशम्।** (7/115/4)
'पुण्य की कमाई मेरे घर की शोभा बढ़ाए, पाप की कमाई को मैंने नष्ट कर दिया है।'

5. **मा जीवेभ्यः प्रमदः।** (8/1/7)
'प्राणियों की ओर से बेपरवाह मत हो।'

6. **वयं सर्वेषु यशसः स्याम।** (6/58/2)
'हम समस्त जीवों में यशस्वी होवें।'

7. **उद्यानं ते पुरुष नावयानम्।** (8/1/6)
'पुरुष! तुम्हें मेरे लिए ऊपर उठना चाहिये, न कि नीचे गिरना।'

8. **मा नो द्विक्षत कश्चन।** (12/1/24)
'हमसे कोई भी द्वेष करने वाला न हो।'

9. **सम्यश्चः सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया।** (3/30/3)
'समान गति, समान कर्म, समान ज्ञान और समान नियम वाले बनकर परस्पर कल्याणयुक्त वाणी से बोलो।'

10. **मा मा प्रापत् पाप्मा मोत मृत्युः।** (17/1/29)
'मुझे पाप और मौत न व्यापे।'

11. **अभि वर्धतां पयसाभि राष्ट्रेण वर्धताम्।** (6/78/2)
'मनुष्य दुग्धादि पदार्थों से बढ़े और राज्य से बढ़े।'

12. **अरिष्टाः स्याम तन्वा सुवीराः।** (5/3/5)
'हम शरीर से नीरोग हों और उत्तम वीर बनें।'

13. **सर्वान् पथो अनृणा आ क्षियेम।** (6/117/3)
'हम लोग ऋण रहित होकर परलोक के सभी मार्गों पर चलें।'

14. **वाचा वदामि मधुमद्।** (1/34/3)
'वाणी से माधुर्ययुक्त ही बोलता हूँ।'

15. **ज्योगेव दृशेम सूर्यम्।** (1/31/4)
Public Domain Digitization Muthulakshmi Research Academy

'हम सूर्य को बहुत काल तक देखते रहें।'

16. **मा पुरा जरसो मृथाः।** (5/30/17)

'हे मनुष्य! तू बुढ़ापे से पहले मत मर।'

17. **शतहस्त समाहर सहस्रहस्त सं किर।** (3/24/5)

'सैकड़ों हाथों से इकट्ठा करो और हजारों हाथों से बाँटो।'

18. **शिवं मह्यं मधुमदस्त्वन्नम्।** (6/71/3)

'मेरे लिये अन्न कल्याणकारी और स्वादिष्ट हो।'

19. **शिवा नः सन्तु वार्षिकी।** (1/6/4)

'हमें वर्षा द्वारा प्राप्त जल सुख दें।'

20. **पितेव पुत्रानभि रक्षतादिमम्।** (2/13/1)

'हे भगवन्! जिस प्रकार पिता अपने अपराधी पुत्र की रक्षा करता है, उसी प्रकार आप भी इस (हमारे) बालक की रक्षा करें।'

21. **विश्वकर्मन्! नमस्ते पाह्यस्मान्।** (2/35/4)

'हे विश्वकर्मन्! तुमको नमस्कार है, तुम हमारी रक्षा करो।'

22. **शतं जीवेम शरदः सर्ववीराः।** (3/12/6)

'हम स्वभिलषित पुत्र-पौत्रादि से परिपूर्ण होकर सौ वर्ष तक जीवित रहें।'

23. **निरर्मण्य ऊर्जा मधुमती वाक्।** (16/2/1)

'हमारी शक्तिशालिनी मीठी वाणी कभी भी दुष्ट स्वभाव वाली न हो।'

ॐ

जप-ध्यान करते-करते जब मन स्थिर हो जाएगा, शुद्ध हो जाएगा, तब मन ही तुम्हारा गुरु होगा। अपने अन्तर से ही सब विषय समझ पाओगे, संशय और प्रश्नों का समाधान होगा। तुम्हें साधना में आगे क्रमशः क्या-क्या करना होगा, कैसे चलना होगा, मन ही यह सब बतला देगा।

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

उपसंहार

भगवत्कृपा का कोई नियम नहीं है, वह अहेतु की है। गुरूकृपा आज के परिवेश में अति दुष्कर हो गई है। शास्त्रकृपा सत्शास्त्र वह है जिसे स्वानुभूति से लिखा, बताया, सुनाया गया हो, जो केवल शब्दों का जाल न हो। जिसमें 'आंखिन देखी' बात भी हो इसलिए साधकों की सुविधा के लिए मैंने इस ग्रंथ में यत्र-तत्र से कुछ महत्वपूर्ण स्तुतियों व साधनाओं का जो मेरे द्वारा अनुभूत किये गये हैं, समावेश किया है। इस नवीन संस्करण में रह गई त्रुटियों के लिए साधकों व भक्तों से क्षमा याचना करता हूँ व भविष्य के लिए नेक सुझाव भी आमंत्रित करता हूँ।

In Public domain. Digitization Mimamsa Lakshmi Research Academy

पता:

'शनि धाम मनु भैया जी'

गुरुग्राम-फरूखनगर रोड, सुल्तानपुर नेशनल पार्क के सामने, गुरुग्राम-122006 (हरियाणा)

लैंडमार्क:

साधराना मोड़ बस स्टैंड, ति[illegible]ति [illegible]

शनि धाम में स्थित शनिदेव प्रतिमा

परम पूज्य गुरुदेव मनु भैया जी एवं गुरु माता नीतू त्यागी जी

अतिसिद्ध स्तोत्रों का अपूर्व संग्रह

In Public domain. Digitization Muthulakshmi Research Academy

पतंगा एक बार प्रकाश देखने पर फिर अंधकार में नहीं जाता। चीटियाँ गुड़ में प्राण तक दे देती हैं परन्तु वहाँ से लौटती नहीं। इसी प्रकार भक्त जब एक बार प्रभु दर्शन का रसास्वादन कर लेते हैं, फिर उनके लिए प्राणों की आहुति तक दे देते हैं, लेकिन पीछे लौटकर नहीं देखते।

प्रथम बार निरन्तर कई महीनों की साधना के बाद 20-4-2006 को (कोकिलावन वाले ब्रजक्षेत्र में शनि तीर्थ) शनि भगवान की तस्वीर की आँखों से दो किरणें मस्तिष्क में प्रविष्ट होकर काफी लम्बे समय तक कृपावृष्टि करती रहीं, उसके बाद निरंतर स्तुति लिखने का दौर आया, जिसमें शनि चालीसा, शनि शर, शनि शिंगणापुर साठिका, शनि प्रसन्नाष्टक, शनि रक्षा कवच, शनि अमृतवाणी व शनि [illegible]वार कथा, शनि आरती, असंख्य भजन हिन्दी तथा संस्कृत में शनि भगवान की स्तुतियाँ रची गईं। साथ ही, अगस्त 2008 से शनि-कृपा से 'दिव्य [illegible] प्रसन्नता पत्र' नामक मासिक राष्ट्रीय पत्रिका का सम्पादन मेरे द्वारा निरंतर हो रहा है। उसी समय से शनिदेव की सतत कृपा प्राप्त हो रही है।

अगर मेरे इन हाथों ने उनके चरणों का स्पर्श किया है और इन स्थूल व सूक्ष्म नेत्रों ने शनैश्चर देव के दिव्य स्वरूप का रस पान किया है, कर्णों ने उनकी वाणी सुनी है तथा अगर वे मेरे हृदयासीन हैं तो वे रवि-छाया के सुपुत्र इन दिव्य स्तोत्रों के पाठ से आपको पूर्ण लाभ व कृपा प्रदान करें।

तंत्र मंत्र ज्योतिष शास्त्रादि बहुविध स्तोत्रविद् शनैश्चरानुचर शनैश्चर चरणामृतपिपासु, शनैश्चर चरण रज शिरोधारी, शनैश्चरांश, शनि भक्त 'मनु' भारद्वाज गोत्रोत्पन्नः त्यागी पण्डित प्रवरः गुरुवर्यः जन्म स्थान शिकारपुर ग्रामः नजफगढ़ नई दिल्ली दक्षिण पश्चिम क्षेत्रे।

— शनिभक्त मनु भैया

पताः 'शनि धाम मनु भैया जी' गुरुग्राम-फरूखनगर रोड,
सुल्तानपुर नेशनल पार्क के सामने, गुरुग्राम-122006 (हरियाणा)
लैंडमार्कः साधराना मोड़ बस स्टैंड, तिरुपति फार्म
फोनः 8860612387, 9873117268 (Whatsapp only)

RAMA PUBLICATIONS # 9313 55 3434, 9311 35 3434 • ramapublications@gmail.com